# City24News
शहर आपका, खबर आपकी

ऑनलाइन हिन्दी डिजिटल ई-पेपर वर्ष 2, अंक 17 पेज 8 बुधवार 17 जनवरी, 2024 संपर्क: 9818180269

www.city24news.in ! youtube@city24media ! facebook@www.city24news.in ! twitter@city24media


## देश में स्टार्टअप के लिए हरियाणा सबसे पसंदीदा राज्य : बंडारू दत्तात्रेय

**राज्यपाल ने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर गुरूग्राम में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में की शिरकत**

**हरियाणा के उद्योग और वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित हुआ कार्यक्रम**




सिटी 24 न्यूज

**गुरुग्राम।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत को आत्मनिर्भर व श्रेष्ट बनाने का जो संकल्प लिया है। उसमें स्टार्टअप इंडिया जैसी योजना मुख्य आधार है। आज देश में स्टार्टअप के लिए हरियाणा सबसे पसंदीदा राज्य है। उन्होंने कहा कि यह हरियाणा सरकार की नीतियों का ही प्रभाव है कि आज प्रदेश में आईटी, कृषि, वित्त, हार्डवेयर, ऑटोमोटिव, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में 6 हजार से अधिक स्टार्टअप हुए है। जिनमें 45 प्रतिशत से अधिक महिला नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स हैं। राज्यपाल मंगलवार को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर हरियाणा के उद्योग और वाणिज्य विभाग द्वारा गुरूग्राम में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने का यह कार्यक्रम उद्योग विहार के फेज वन स्थित हारट्रोन इनोवेशन एंड स्टार्टअप हब में आयोजित किया गया था।

राज्यपाल ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित करने उपरांत अपने संबोधन में कहा कि भारत वैश्विक स्टार्टअप इकोसिस्टम और यूनिकार्न की संख्या के मामले में दुनियाभर में तीसरे स्थान पर है। ऐसे में नवाचार के क्षेत्र में हमारे देश की युवा शक्ति की प्रगति को देखते हुए वह दिन दूर नही जब हमारा भारत वैश्विक स्तर पर इस क्षेत्र का सिरमौर बनेगा, जिसमें हरियाणा राज्य का भी विशेष योगदान रहेगा।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में हरियाण सरकार द्वारा स्टार्टअप को प्रमोट करने के लिए दी जा रही सेवाओं व सुविधाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क में सौ प्रतिशत रीइंबर्समेंट, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में सौ प्रतिशत रियायत सहित एमसीडी टैक्स व इलेक्ट्रिसिटी चार्ज में भी आवश्यक छूट दी गयी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में स्टार्टअप को एक बेहतर माहौल उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2022 में बनी स्टार्टअप पालिसी से निश्चित रूप से प्रोत्साहन मिलने वाला है।

उन्होंने बताया कि पॉलिसी में लीज सबसिडी का भी प्रावधान किया गया है जिसमें लीज रेंटल का 30 प्रतिशत सबसिडी (महिलाओं के लिए यह 45 प्रतिशत) रखी गई है। पेटेंट रीइंबर्समेंट में 25 लख रुपए तक 100 प्रतिशत, स्टेट जीएसटी रीइंबर्समेंट में 7 साल के लिए 50 प्रतिशत, एक्सीलेटर प्रोग्राम में भागीदारी के लिए ढाई लाख राष्ट्रीय स्तर पर व पांच लाख अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि सीड फण्ड के तहत प्रत्येक स्टार्टअप पर 10 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार विश्वविद्यालयों में इन्क्यूबेशन सेंटर के लिए 50 लाख रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हरियाणा में 7 विश्वविद्यालयों को इन्क्यूबेशन सेंटर के लिए 30-30 लाख रुपये की राशि भी दी गयी है।

राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा स्टार्टअप्स, इनक्यूबेटर्स, निवेशकों और स्टार्टअप इकोसिस्टम में विभिन्न हितधारकों के लिए एक पसंदीदा राज्य के रूप में उभरा है, और चौदह से अधिक स्टार्टअप यूनिकॉर्न को बढ़ावा देकर देश में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में, हरियाणा में डीपीआईआई टी द्वारा मान्यता प्राप्त छः हजार से अधिक स्टार्टअप प्रमुख क्षेत्रों में उत्साहपूर्वक काम कर रहे हैं। राज्यपाल ने प्रदेश की युवाशक्ति से आह्वान किया कि वे अपने स्टार्टअप में शिक्षा, स्वास्थ्य व एग्रीकल्चर को प्राथमिकता दें ताकि प्रदेश की ग्रामीण आबादी को भी इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि हमें स्टार्टअप की संख्या बढ़ाने में यह अवश्य ध्यान रखना होगा कि वह बहुसंख्यक लोगों के लिए उपयोगी हो। राज्यपाल ने इस दौरान आयोजन स्थल पर नए स्टार्टअप्स पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन करने के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में स्टार्टअप करने वाले एंटरप्रेन्योर को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर उद्योग तथा वाणिज्य विभाग के सचिव एवं महानिदेशक सी.जी. रजनी कंथन, हारट्रॉन के प्रबंध निदेशक जे. गणेशन, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी नितिन बंसल, हारट्रॉन गुरुग्राम के सहायक महाप्रबंधक व प्रभारी इनोवेशन एवं स्टार्टअप नवीन चौधरी, नैस्कॉम से सुधांशु मित्तल व सिडबी से जीएम अर्जित दत्त सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## जरुरतमंदों को अन्न, आवास और चिकित्सा देने में हमेशा अग्रणी होकर कार्य किया है स्वामी चिंरजीपुरी महाराज ने : गुप्ता

**विस अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने त्यागमूर्ति स्वामी चिंरजीपुरी महाराज के 93 वें जन्मदिवस पर गरीबों को वितरित किए कंबल।**

**डाक्यूमेंट्री फिल्म का किया विमोचन।**

**श्री ब्रह्मपुरी अन्नक्षेत्र आश्रम ट्रस्ट की तरफ से बनने वाले अस्पताल के लिए 31 लाख रुपए देने की घोषणा।**



सिटी 24 न्यूज

**कुरुक्षेत्र 16 जनवरी।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि त्यागमूर्ति स्वामी चिरंजीपुरी महाराज ने हमेशा जरुरतमंदों को अन्न, आवास और चिकित्सा जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाने में हमेशा अग्रणी होकर कार्य किया है। यह महान व्यक्ति भविष्य में भी समाज की सेवा में अग्रणी पंक्ति में रहकर कार्य करते रहेंगे। इस प्रकार के त्यागी महापुरुषों से समाज के लोगों को प्रेरणा मिलती है। इस प्रकार के समाज सेवा कार्यों में वे हमेशा हर संभव सहयोग करने के लिए तत्पर रहेंगे।

विस अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता मंगलवार को श्री ब्रह्मपुरी अन्नक्षेत्र आश्रम ट्रस्ट में त्यागमूर्ति स्वामी चिंरजीपुरी महाराज के 93 वें जन्मदिवस कार्यक्रम में पहुंचे। इससे पहले विस अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने त्यागमूर्ति स्वामी चिंरजीपुरी महाराज को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान जरुरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए और स्वामी चिंरजीपुरी महाराज के जीवन पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म का विमोचन भी किया। इस डाक्यूमेंट्री फिल्म का निर्माण करने में ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश गोयल, प्रेरणा वृद्धाश्रम के अध्यक्ष जय भगवान सिंगला, प्रोड्यूसर केशव ने अहम भूमिका अदा की है। इस डाक्यूमेंट्री फिल्म को देखने के बाद सभी दर्शकों ने खूब सराहना की है। इस कार्यक्रम में विस अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने ट्रस्ट की तरफ से खरीदी गई ढाई एकड़ भूमि पर जरूरतमंद लोगों के बेहतर इलाज के लिए बनाए जाने वाले अस्पताल के लिए 31 लाख रुपए देने की घोषणा की है।

विस अध्यक्ष ने परमात्मा से स्वामी चिंरजीपुरी महाराज की लंबी आयु की कामना करते हुए कहा कि स्वामी चिंरजीपुरी महाराज ने अपना पूरा जीवन जरूरतमंद गरीबों और पीड़ितों की अन्न, चिकित्सा और आवास जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर लगा दिया। इस दौरान स्वामी जी ने ट्रस्ट का निर्माण करने का बड़ा यज्ञ शुरू किया। इस यज्ञ में सभी नागरिकों को पूरे मन के साथ आहुति डालनी चाहिए। इस ट्रस्ट की तरफ से गरीबों का बेहतर इलाज करने के लिए अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। यह प्रोजेक्ट हर हाल में पूरा होना चाहिए। इस कार्य को संतों के आशीर्वाद से तेजी से पूरा करने का प्रयास भी सभी को करना चाहिए और अपनी नेक कमाई का दसवां हिस्सा इस प्रकार के प्रोजेक्ट पर दान करना चाहिए, जो व्यक्ति नेक कमाई का दसवां हिस्सा दान देगा, उसको 100 गुणा फल भी प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम में ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के प्रधान राजेश गोयल ने मेहमानों का स्वागत करते हुए ट्रस्ट और ज्ञान मंदिर की गतिविधियों पर बारीकी से प्रकाश डालते हुए स्वामी चिंरजीपुरी महाराज के जीवन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वामी चिंरजीपुरी महाराज त्याग की मूर्ति की है, उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज सेवा को समर्पित कर दिया।

प्रसिद्ध उद्योगपति एवं ज्ञान मंदिर के ट्रस्टी संजीव सीकरी ने त्यागमूर्ति स्वामी चिंरजीपुरी महाराज को जन्म दिन की बधाई देते हुए कहा कि स्वामी चिंरजीपुरी महाराज ने ज्ञान मंदिर जैसे प्रोजेक्ट की समाज को जो सौगात दी है, वह हमेशा-हमेशा के लिए दर्शनीय रहेगी। इस प्रोजेक्ट को देखकर आने वाली पीढिय़ा, हमेशा चिंरजीपुरी महाराज को याद रखेंगी। इस महान व्यक्ति ने अपना पूरा जीवन समाज सेवा को समर्पित कर दिया। इस कार्यक्रम में भद्रकाली पीठाधीश्वर सतपाल शर्मा महाराज,षडदर्शन साधुसमाज के संगठन सचिव वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक, पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, संरक्षक सतपाल सिंगला, सुरेश तायल, हरिओम, राम निवास, देशराज सिंगला, हिमांशु, बलदेव, सतीश मित्तल, रामकुमार मित्तल, चेयरमैन डा. सुशील गुप्ता, समाज सेवी जय भगवान सिंगला, रेणु खुंगर, विशाल सिंगला, खरैती लाल सिंगला, राधेश्याम गुप्ता, विनोद गर्ग, श्री वैश्य अग्रवाल सभा से सतप्रकाश गुप्ता, डा. पवन गोयल, पवन बंसल, वीवी मित्तल, अरविंद सिंघल, धर्मपाल गर्ग, विशेष गर्ग, सतपाल सिंगला, राजेंद्र राणा ने स्वामी चिंरजीपुरी महाराज से आशीर्वाद लिया।

## हर भारतवासी के घट में बसता है राम: ओमप्रकाश धनखड़

**भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने प्रसिद्ध शीतला माता मंदिर गुरुग्राम में चलाया स्वच्छता अभियान**

**पीएम मोदी के आह्वान पर देशभर में भाजपा ने शुरू किया मंदिर स्वच्छता अभियान**



सिटी 24 न्यूज

**गुरुग्राम।** हर भारतवासी के घट में राम बसता है। राम पर्याय हैं भारत के। हम मंदिरों व धार्मिक स्थलों को भगवान श्रीराम से जुड़ा हुआ पाते हैं, इसलिए अपने नजदीक के हर मंदिर व धार्मिक स्थल को साफ सुथरा रखना हमारा दायित्व है। पीएम मोदी के आह्वान पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नागरिकों के साथ मिलकर देशभर में एक सप्ताह तक मंदिर परिसरों व धार्मिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया हुआ है।

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने गुरुग्राम में स्थित प्रसिद्ध माता शीतला देवी मंदिर में स्वच्छता अभियान के उपरांत यह बात कही। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। हर भारतवासी इस ऐतिहासिक दिन को बड़े उत्सव की तरह मनाने के लिए बड़ी ही उत्सुकता से तैयारी कर रहा है। देश में ही नहीं दुनिया में जहां भी भारतीय हैं ,वहां बड़े उत्साह और उल्लास का माहौल है।

श्री धनखड़ ने कहा कि कई पीढ़ियों ने संघर्ष किया और 500 साल की प्रतीक्षा और देश की आजादी के बाद 75 साल चले आंदोलन उपरांत यह ऐतिहासिक दिन आया है। देशभर में बहुत ही भावपूर्ण वातावरण बन रहा है। घर-घर निमंत्रण के पीले चावल पहुंच रहे हैं। अपने घरों, मंदिरों और धार्मिक स्थलों की सफाई के लिए अभियान चला हुआ है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है। श्री धनखड़ ने कहा कि हम बहुत भाग्यशाली पीढ़ी हैं कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बन रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि 22 जनवरी को देशभर में मंदिर व धार्मिक स्थलों पर देशवासी अयोध्या से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण देखेंगे। प्राण प्रतिष्ठा उपरांत रामलला के दर्शनों के लिए देशभर से नागरिक अयोध्या जाएंगे।

भाजपा राष्ट्रीय सचिव ने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस ने पहले भगवान श्रीराम को मिथक व काल्पनिक माना, फिर माननीय अदालतों में 21-21 वकील खिलाफ खड़े किए। हर भारतवासी के घट में राम को देखकर देश में बने माहौल से कांग्रेस दुविधा में है। एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी को रामेश्वरम से केदारनाथ तक भारत सदियों से जुड़ा हुआ पाया। अब न्याय यात्रा में भी उनको पता चल जाएगा कि शिव सागर से सोमनाथ तक भारत की न्याय व्यवस्था बहुत ही संवेदनशील और न्यायप्रिय है। सवाल ये है कि वो न्याय किसके लिए मांग रहे हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा तक जिला के सभी मंदिरों को चकाचक कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 14 जनवरी से शुरू हुए तीर्थ स्थल स्वच्छ अभियान में भाजपा के नेता व कार्यकर्ता लगातार मंदिरों में जाकर साफ-सफाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता हमेशा सक्रिय रहकर सेवा भाव के कार्य करते रहते हैं। कोरोनाकाल में भी कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर सेवा कार्य किए और जरूरत की चीजों को लोगों तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि जब भी पार्टी की तरफ से कोई अभियान चलाया जाता है हमारे कार्यकर्ता उसमें अपनी अहम भूमिका निभाते हैं।

जीएल शर्मा एवं पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने भी लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने आस-पास के धार्मिक स्थलों व मंदिरों को स्वच्छ बनाएं। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी का देश में दीवाली जैसा माहौल होगा। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सभी मंदिरों व घरों में राम ज्योति अवश्य जलाएं और खुशियां मनाएं।

इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह, उषा प्रियदर्शी, जिला महामंत्री मनीष गाड़ौली, जिला महामंत्री महेश यादव, मधु आज़ाद, रामबीर भाटी, ज़िला मीडिया प्रमुख अजीत यादव, मंडल अध्यक्ष प्रियवर्त, नितिन शांडिल्य, मेहरचंद गांधी, अनिल गंडास, जिला मीडिया सह प्रमुख जयवीर यादव, सुरेंद्र गहलोत, सज्जन सिंह, वीरेंद्र यादव सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संत कबीर कुटीर चंडीगढ़ के आगे आज कपड़े त्यागने का काम करेंगे विधायक नीरज शर्मा

**विधायक नीरज शर्मा कहना था कि कोठी का नाम कबीर कुटीर रखने से कुछ नही होगा कबीर जी के विचारों पर भी अम्ल करना होगा क्योंकि संत कबीर का दोहा है**

**आया था किस काम को, तु सोया चादर तान। सुरत सम्भाल ए गाफिल, अपना आप पहचान॥**



सिटी 24 न्यूज

**चंडीगढ़/फरीदाबाद, 16 जनवरी।** आपको बता दे दिसंबर 2023 विधानसभा सत्र में एनआईटी क्षेत्र से कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा ने तारकिंत प्रश्न संख्या 9 में सरकार से पूछा कि क्या यह तथ्य है कि नगर निगम फरीदाबाद में निधि के अभाव के संबंध में नगर निगम फरीदाबाद द्वारा निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय को अपने पत्र क्रमांक एम.सी.एफ.एस.ई 2023/978 दिनांक 12.10.2023 के माध्यम से एनआईटी विधानसभा के विकास कार्यों की 27.48 करोड रुपए की फाइल भेजी थी तथा उसमें उक्त कार्यों को करवाने की आवश्यकता भी वर्णित की गई थी तथा यदि हां तो उक्त फाइल की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उक्त फाइल के कब तक स्वीकृत होने की संभावना है तथा उपरोक्त कार्य कब तक पूरे किए जाने की संभावना है।

जिसपर सरकार ने जवाब देते हुए बताया कि सरकार द्वारा जारी प्राथमिकता सूची दिनांक 01.06.2023 के अनुसार कार्य नगर निगम के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आते है। दिनाकं 30.11.2023 तक, नगर निगम, फरीदाबाद के पास 626.59 करोड़ उपलब्ध हैं। यदि नगर निगम अपने क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए धन उपलब्ध कराने में असमर्थ है, तो सरकार नगर निगम को अतिरिक्त अनुदान देगी। इसपर विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा में बोलते हुए कहा कि 2 महीने से फाईल मंत्री महोदय से पास होकर मुख्यमंत्री कार्यालय में लम्बिंत है लेकिन पास नही की जा रही है। मेरी विधानसभा के वार्ड-5 बालकल्याणा स्कूल पाकेट, वैध रोड, कुमाउ मदिंर रोड, नेतराम सरिया रोड, जीवन नगर भाग-1 एंव भाग-2, वार्ड-9 नंगला इन्कलेव, नगंला से सरूरपुर वाली मुख्य रोड, सुभाष चौक से गाजीपुर रोड, लालू एसटीडी से गाजीपुर, अटल चौक से सोनिया चौक, भडाना चौक, सरंपच चौक, गजीपुर रोड, डबुआ कालोनी, डबुआ गांव, गांव बाजडी, जवाहर कालोनी डिपोजल के पास, खंड बी, कपडा कालोनी, 60 फीट रोड, दयाशकंर गिरी वाली रोड, गांव गौछि, राजीव कालोनी, संजय कालोनी की स्थिति काफी खराब है। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि मुझे तारिख बताई जाए कि कबतक मेरी विधानसभा के लिए पैसा अलॉट किया जाएगा।

विधायक नीरज शर्मा ने सदन में सरकार को चैतावनी देते हुए कहा की अगर पैसे अलाट नही किए तो मै अपने साथ 2 गज का कपडा लेकर आया हू मै इसी में जिदंगी गुजार दूंगा।जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता जी के कहने पर मंत्री जी ने 1 माह के समय का आश्वासन सदन में दिया था।

विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि 16 तारीख यानी आज 1 माह पूरा होने जा रहा है लेकिन अभी तक फ़ाइल का कुछ नही है। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि व 15 जनवरी को राज्यसभा सांसद श्री दीपेंद्र हुड्डा जी के साथ अयोध्या जाने का मौका मिला और प्रभु श्रीराम के दर्शन करके आशीर्वाद लिया है क्योंकि पहले भी 54 दिन तक बिना सिले वस्त्र और जूतों का त्याग करने के बाद कपड़ो को अयोध्या प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के बाद ही वस्त्र धारण किए थे।

विधायक नीरज शर्मा कहना था कि कोठी का नाम कबीर कुटीर रखने से कुछ नही होगा कबीर जी के विचारों पर भी अम्ल करना होगा क्योंकि संत कबीर का दोहा है आया था किस काम को, तु सोया चादर तान । सुरत सम्भाल ए गाफिल, अपना आप पहचान ॥ विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि पूरे फरीदाबाद के लिए पैसा है फिर एनआईटी 86 के साथ भेद भाव क्यू।

विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि वह विधानसभा सत्र में लिए अपने वचन पर कायम है 17 जनवरी को संत कबीर कुटीर के आगे अपने कपडे त्यागने का काम करेंगे।

# 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र की श्रेणी में होगा : वन्दना पोपली

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** बावल विधानसभा के अंतर्गत आने वाले गांव डालियाकी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। इस यात्रा में मुख्यातिथि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली का ग्रामीणों ने जमकर स्वागत किया। वंदना पोपली ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार ने अंत्योदय के माध्यम से गरीब, पात्र व अंतिम व्यक्ति को लाभ देने का जो बीड़ा उठाया है। उसके तहत यह यात्रा भारत के सभी ग्राम पंचायत नगर पंचायत और शहरी निकायों को कवर करेगी। यात्रा अभी तक 6138 ग्राम पंचायतों व शहरी स्थानों को कवर कर चुकी है। इसमें अब तक 46 लाख 50 हज़ार से अधिक लोगो ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है केंद्र व राज्य सरकार ने गरीब वर्ग के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य उन वंचित लोगों तक पहुंचना जो विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र है जो अभी तक उनका वह लाभ नहीं उठा पाए हैं। मोदी की गारंटी की



गाड़ी के माध्यम से पात्र लोगो को उनके गांव मे मोके पर ही सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। वन्दना पोपली ने बताया कि इस यात्रा के माध्यम से योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रसार और जागरूकता पैदा करना है। वंदना पोपली ने बताया कि यात्रा के दौरान लोगों वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्प शपथ लोगो ने ली व लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपने अनुभव साझा किये। वंदना पोपली ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाया गया अभियान विकसित भारत संकल्प यात्रा लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है व कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एकमात्र उद्देश्य सिर्फ कागजों तक सीमित न रहकर देश व प्रदेश की जनता के लिए धरातल पर कार्य करके जन सेवा के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को उसका लाभ पहुंचाना है जिसका वह हकदार है। वन्दना पोपली ने बताया की यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे पीएम स्वनिधि, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना, परिवार पहचान पत्र, व निरोगी हरियाणा योजना जैसी योजनाओं का लाभ मोके पर ही नागरिको को प्रदान किया जा रहा है। व जनसमस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है। इस अवसर सरपंच सुशीला, सुरेन्दर यादव, देशराज यादव, मुकेश कुमार, नेहा मखीजा, कीर्ति, सरला व गणमान्य लोग उपसथित रहे।

## हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की प्रदेश उपाध्यक्ष पारीसा शर्मा होंगी अध्ययन कार्यक्रम की मुख्यातिथि



सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** आगामी 21 जनवरी को बाल भवन रेवाड़ी में होने वाले जिलास्तरीय कार्यक्रम अध्ययन - प्रैक्टिस फॉर सक्सेस में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् की प्रदेश उपाध्यक्ष पारीसा शर्मा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। यह कार्यक्रम शहर के नौवीं व दसवीं कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए कराया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देस्य बच्चो को परीक्षा के तनाव से मुक्त करना और उनको कुछ ऐसी तकनीक बताना है जिससे वो आने वाली अपनी परीक्षा में अच्छे अंक के साथ उत्तीर्ण हो सके। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् की प्रदेश उपाध्यक्ष पारीसा शर्मा ने कहा की यतीश सिंघल और इनकी टीम के द्वारा की गयी ये पहल काफी सहारनीय है और मेरे लिए ऐसे कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा की परीक्षा का तनाव आज विद्यार्थियों के जीवन में एक बीमारी का रूप ले चूका है जिसे अब नजरदअंदाज करना हमारे लिए बहुत बड़ी भूल होगी, ऐसे में जरुरी है इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से हम विद्यार्थियों में वापिस से आत्मविश्वास भरे और उन्हें ये बताये की परीक्षा सिर्फ एक माध्यम है स्वयं के अवलोकन का जिससे आप आने वाले समय में अपनी चुनौतियों का बेहतर तरीके से सामना कर सके। आयोजनकर्ता यतीश सिंघल ने बताया की इस कार्यक्रम में सीबीएसई बोर्ड पर आधारित महत्वपूर्ण प्रश्नो की एक अभ्यास परीक्षा कराई जाएगी। इस परीक्षा से विद्यार्थी स्वयं का अवलोकन करके अपनी त्रुटियों का समाधान कर सकेंगे। परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थियों को यथोचित पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे। इस मोके पर पारीसा शर्मा ने शहर के सभी नौवीं व दसवीं के विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आह्वान किया। इस मोके पर अशविनी सैनी, शालू यादव, जितेंद्र अग्रवाल, सतीश राज आदि मौजूद रहे।

## गरीबों की आशाओं और उम्मीदों का एक जीवंत कारवां है 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' : असीम कुमार



सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' के तहत मंगलवार को निदेशक नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय एवं 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' के जिला प्रभारी असीम कुमार रेवाड़ी जिला के गांव बिठवाना पहुंचे। उन्होंने बावल विधानसभा के गांव बिठवाना में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करने उपरांत विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान निदेशक असीम कुमार ने लाभार्थियों से संवाद करते हुए सरकार की योजनाओं बारे फीडबैक लिया कि लाभार्थियों ने कैसे सरकार की योजनाओं का लाभ उठाया और योजनाओं का लाभ लेने में उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी तो नहीं हुई और योजनाओं का लाभ लेकर आप कैसा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में, एक परिवर्तनकारी अभियान चल रहा है। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा', गरीबों की आशाओं और उम्मीदों का एक जीवंत कारवां है। यह सभी भारतीयों के घरों तक सशक्तिकरण और उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने इस बात पर खुशी जाहिर की कि मोदी की 'गारंटी' वैन लोगों की उम्मीदों, भरोसे और विश्वास पर पूरी तरह खरी उतर रही है। रेवाड़ी जिला ने विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के दौरान सराहनीय कार्य करते हुए लाभार्थियों को लाभांवित किया है, जिसके लिए रेवाड़ी जिला प्रशासन बधाई का पात्र है। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म भी की गई।

## रेवाड़ी पुलिस ने एनआरसी ट्रक यूनियन में चलाया यातायात जागरूकता अभियान




सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा निर्देश पर व उप पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी संजीव बल्हारा के नेतृत्व में कार्य करते हुए यातायात पुलिस द्वारा सडक सुरक्षा माह के अंतर्गत एनएच 48 पर एनआरसी ट्रक यूनियन में मंगलवार को लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। यातायात पुलिस ने अभियान के दौरान उपसथित वाहन चालकों व लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए, यातायात नियमों, संकेत चिन्हों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर दोपहिया वाहन चालते समय में हमेशा हेलमेट धारण करने, तीन सवारी नहीं बैठाने, रैश ड्राइविंग नहीं करने, चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने, ओवर स्पीड, छमता से अधिक सवारी नही बैठाने और शराब पीकर वाहन नहीं चलाने के बारे में जागरूक किया गया, साथ ही सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की हर संभव सहायता करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर डायल 112 व साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में भी जानकारी दी गई। इस जागरूकता अभियान के दौरान रेवाड़ी यातायात पुलिस द्वारा सभी मौजूद चालकों को नशा मुक्ति व खेलों में भागीदारी बारे भी जागरुक किया गया। रेवाड़ी यातायात पुलिस द्वारा इस प्रकार के जागरूकता अभियान समय समय पर चलाकर सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के भी प्रयास किए जा रहे हैं।

# रेवाड़ी नशा मुक्त बनाने के लिये गांव बिसोहा में क्रिकेट प्रतियोगिता का किया आयोजन

### कोसली थाना प्रभारी ने युवाओ को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव की दी जानकारी



सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** नशा मुक्त रेवाड़ी के तहत पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के कुशल मार्गदर्शन में मंगलवार को गांव बिसोहा में जिला पुलिस की तरफ से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

पुलिस द्वारा जिले में हरियाणा उदय मुहिम के तहत नशा विरोधी अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत गांव बिसोहा में पुलिस की तरफ से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस दौरान मुख्य रूप से निरीक्षक राजेन्द्र कुमार प्रबंधक थाना कोसली, राधेश्याम सरपंच गांव बिसोहा, प्रकाश पंच, मास्टर बाबूलाल व आस पास के गांवो के मौजिज व्यक्ति और क्रिकेट खिलाड़ी मौजूद रहे। क्रिकेट प्रतियोगिता में आस पास गावो की कई टीमो ने भाग लिया। जो फाइनल मुकाबला गांव कोसली व बिसोहा की टीम के बीच हुआ, जिसमें कोसली की टीम ने जीत हासिल की। जीतने वाले खिलाड़ियों को प्रबंधक थाना कोसली निरीक्षक राजेन्द्र कुमार द्वारा प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रबंधक थाना कोसली निरीक्षक राजेन्द्र कुमार ने सरकार द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए युवाओं को जागरूक किया और लोगों से नशा बेचने वालों, नशे का व्यापार करने वालों और किसी भी आपराधिक घटना के बारे में पुलिस को सूचित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवाओं में खेलो के प्रति रुचि उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक होती है। ऐसे में युवाओं को चाहिए कि वे अपने अंदर खेलों के प्रति लगाव पैदा करते हुए किसी भी खेल का हिस्सा बने, क्योंकि आजकल नौजवान पीढ़ी नशे की लत में पड़ती जा रही है, जो की आने वाले समय में बहुत ही घातक सिद्ध हो सकती है। यही नहीं इससे न जाने कितने घरों के चिराग बुझ जाते हैं। जिसे रोकने ले लिए हम सभी को मिल कर प्रयास करना होगा। ऐसे में युवाओं को भी चाहिए कि वह नशे की लत से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए शिक्षा व खेलो से नाता जोड़े। तथा स्वयं भी नशे से दूर रहे और दूसरों को भी इससे दूरी बनाकर रखने के लिए प्रेरित करें।

जिला पुलिस द्वारा खेल प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखना है। ताकि वह शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बन सकें। जिला पुलिस प्रशासन की तरफ से इस प्रकार के कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे।

# बीआर भाटिया बने एचएसआईआईडीसी के स्वतंत्र निदेशक

सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** शहर के प्रमुख उद्योगपति एवं फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पूर्व प्रधान बीआर भाटिया को हरियाणा सरकार ने हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड (एचएसआईआईडीसी) का स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया है, जोकि फरीदाबाद के लिए बड़ी



उपलब्धि है। सी. दास ग्रुप के चेयरमैन श्री बीआर भाटिया सामाजिक रूप से भी काफी सक्रिय रहते हैं और कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। श्री भाटिया ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा वे अपनी और से उद्योगों के हित के लिए काम करने का प्रयास करेंगे। उद्योगों के लिए हरियाणा सरकार की नीतियां उत्साहवर्धक रहीं हैं, वे उसे और आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का प्रधान रहते हुए श्री भाटिया ने उद्योगों व औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए भी कई सुधारात्मक कदम उठाए थे। बता दें कि बीआर भाटिया फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) के भी सदस्य हैं।

# नशा मुक्त भारत मुहीम कबअंतर्गत आईजीपी दक्षिण रेंज रेवाडी की अध्यक्षता में जिला पलवल में बरामद मादक पदार्थ का निष्पादन किया गया

### 10 मादक पदार्थ मदों मे करोड़ो रुपए की कीमत का बरामद 633.601 यत्न प्रतिबंधित दवाइयां सहित विभिन्न मादक पदार्थ का हुआ निष्पादन

### वर्ष 2022 से अब तक जिला पुलिस द्वारा करोड़ों रुपए के बरामद किए गए 6406.274 यत्न विभिन्न मादक पदार्थ को किया जा चुका है स्वाहा



सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

**पलवल।** नशा मुक्त भारत मुहीम के अंतर्गत राजेंद्र कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, दक्षिण रेंज रेवाडी की अध्यक्षता एवं डॉ अंशु सिंगला जिला पुलिस अधीक्षक पलवल एवं साकिर हुसैन डीएसपी हेड क्वार्टर पलवल कमेटी के मेंहबरों की मौजूदगी में जिला पलवल में 10 मदो से संबंधित मादक पदार्थ मदों का सेक्टर 37 गुरुग्राम में स्थित Biotic Waste Limited कंपनी मे निष्पादन किया गया। यह निष्पादन कार्य पुलिस महानिदेशक हरियाणा की अनुमति मिलने के बाद किया गया है।

निष्पादन की गई 10 मदों में गांजा, स्मैक, चुरा पोस्त तथा प्रतिबंधित दवाइयां सहित कुल 633.601 KG नशीला मादक पदार्थ है नष्ट की गई विभिन्न मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय अनुमानित कीमत लगभग 1.85 करोड़ रुपए है। आईजीपी महोदय ने पुलिस कप्तान डॉ अंशु सिंगला आईपीएस के नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कमर तोड़ करवाई कर मादक पदार्थ बरामदगी के बारे प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में अब तक जिला पुलिस द्वारा करोड़ों रुपए के बरामद किए गए 6406.274 KG विभिन्न मादक पदार्थ को निष्पादन किया जा चुका है। जिनकी अंतरराष्ट्रीय मार्केट में अनुमानित कीमत लगभग 18.35 करोड़ थी। आज निष्पादन के समय आईजीपी ने अपनी मौजूदगी में इलैक्ट्रोनिक कांटा से मदों का वजन चैक कराया एवं सही होने उपरांत निष्पादन कार्य अपनी निगरानी में कराया। इस दौरान निष्पादन कार्य के दौरान रीडर एडीजीपी, इंस्पेक्टर भारत भूषण, सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार, सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार, मालखाना मोहर्र पलवल उप निरीक्षक जगबीर सिंह सहित संबंधित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिलाओं को देखभाल और स्वच्छता उत्पादों का रोटरी क्लब ने किया वितरण



सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** अपनी सामाजिक सेवाओं को जारी रखते हुए, रोटरी क्लब ऑफ़ रेवाड़ी मेन ने शांति लोक सोसायटी और बाल भवन के सामने 150 से अधिक महिलाओं को व्यक्तिगत देखभाल और स्वच्छता उत्पाद वितरित किए। ये उत्पाद रोटरी क्लब ऑफ गुड़गांव और रोटरी क्लब ऑफ गुड़गांव कॉस्मोपॉलिटन के सहयोग से ब्लू हेवन कॉस्मेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड की सीएसआर पहल के तहत उपलब्ध कराए जा रहे हैं। क्लब की अध्यक्ष ज्योति अदलखा ने कहा कि इस वर्ष क्लब ने महिला सशक्तिकरण की पहल की है और क्लब ने इस दिशा में कई परियोजनाएं शुरू की हैं। क्लब की सचिव नेहा शर्मा ने बताया कि क्लब आने वाले महीनों में अलग-अलग स्थानों पर 3 रक्तदान शिविर लगाएगा। प्रोजेक्ट की चेयरपर्सन रुचि चौहान ने इस पहल को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सहायक गवर्नर जेपी चौहान ने कहा कि क्लब समाज के विभिन्न वर्गों की सेवा के लिए सभी प्रकार की परियोजनाएं कर रहा है और डिस्ट्रिक्ट 3011 भी क्लब की सभी सामाजिक परियोजनाओं का समर्थन कर रहा है।

## जापानियों ने नांगल तेजू सरकारी स्कूल में पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ




सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** बावल औद्योगिक एरिया सथित शिरोकी ऑटमोटिव कंपनी के द्वारा नांगल तेजु सरकारी स्कूल बावल में सड़क सुरक्षा सप्तह के अंतर्गत जागरूकता की कार्यशाला आयोजित की गई। शिरोकी से सीनियर अधिकारी हिदेकी माईकाणा, सीनियर कोऑर्डनैटर के आर गुप्ता, प्रबंधक सुरक्षा अधिकारी राहुल पवार, जापानी भाषा अधिकारी वैभव शर्मा की देखरेख में कक्षा 11वीं और 12वीं के विधार्थीयों को सड़क सुरक्षा और ट्रेफिक नियमों के बारे मे रोचक जानकारी दी। इस अवसर पर एक शॉर्ट फिल्म के माध्यम से यातायात के नियमों व चिन्हों के अलावा शीट बेल्ट तथा हेलमेटस का महत्व समझाया गया तथा वाहन चलाते वक्त शराब व मोबाइल के दुष्प्रभाव को प्रमुखता से रेखांकित किया गया। कार्यक्रम का समापन यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ के साथ हुआ। कार्यक्रम के संयोजन में विजय सिंह प्राचार्य, सरपंच प्रतिनिधि भीम सिंह, व्याख्याता ईश्वर सिंह, अशोक कुमार, विजय सिंह, हरियाणा प्राइमरी टीचर यूनियन के राज्य उप प्रधान धर्मेन्द्र यादव, पवन कुमार आईटी, कृष्ण कुमार, बृजमोहन शर्मा, बलजीत एबीआरसी, सेल्फ रिलायंट इंडिया संस्था के सह संस्थापक सुरेन्द्र यादव मौजूद रहे।

## सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में 5वीं कक्षा तक 20 तक रहेगा शीतकालीन अवकाश : डीसी

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया



**रेवाड़ी।** डीसी राहुल हुड्डा ने निदेशालय स्कूल शिक्षा, हरियाणा सरकार के निर्देशों की अनुपालना में क्षेत्र में कड़ाके की ठंड और शीतलहर के मद्देनजर जिला के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों की 5वीं कक्षा तक की कक्षाओं के लिए शीतकालीन अवकाश 20 जनवरी तक बढाने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने अपने आदेशों में यह भी कहा है कि सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों में कक्षा 6वीं से 12वीं कक्षा के लिए स्कूल का समय सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक रहेगा। उन्होंने सभी सरकार व निजी स्कूल संचालकों को आदेशों की दृढ़ता से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि सरकार की ओर से कक्षा पहली से तीसरी कक्षा तक 20 जनवरी तक अवकाश की घोषणा पहले से ही की हुई है।

## हथियार के बल पर पैसे लूटने के मामले में तीन साल से फरार एक गिरफ्तार




सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** एसपी दीपक सहारन के दिशा निर्देश में कार्य करते हुए थाना कसौला पुलिस ने हथियार के बल पर पैसे लूटने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांचकर्ता ने बताया कि राजस्थान के जिला भरतपुर के गांव छपरा निवासी शहजाद ने अपनी शिकायत में बताया की वह ट्रक चलाता है। 25 सितम्बर 2020 को वह अपने साथी फैसल, राशिद व जाहिद उर्फ लोनी के साथ शाहपुरा राजस्थान से ट्रक में सामान लेकर डासना यूपी जा रहा था। जब वह रात को करीब साढ़े 10 बजे एनएच-8 पर संगवाडी पुल के नजदीक पहुंचा तो एक अल्टो कार जिसमे 5 व्यक्ति सवार थे। जिन्होंने गाड़ी को ट्रक के आगे लगा कर ट्रक को रोक लिया। गाडी रूकते ही उनमें से एक व्यक्ति ट्रक में चढ गया तथा उसने हथियार दिखाकर उससे पैसे मांगे। इसके बाद उसके अन्य साथी भी ट्रक में चढ गए और सभी ने मिलकर उसके व उसके साथियों से करीब 22 हजार रूपये व 2 मोबाइल फोन छीन लिए। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना कसौला में लुट व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करके मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। जो इस मामले पुलिस ने सोमवार को एक और आरोपी जिला नूंह के गाँव बिसर अकबरपुर निवासी वीरपाल को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# जिला के बुजुर्गों को सहायक उपकरण देने के लिए लगाए जा रहे हैं पंजीकरण एवं मापतोल शिविर

**आगामी 01 फरवरी 2024 तक जिला में रहेंगे क्रियानवित, जल्द उठाएं लाभ**

**सामाजिक संगठन व नागरिकों से प्रत्येक बुजुर्ग को कैंप तक लेकर जाकर उनका पंजीकरण करवाने का किया आह्वान**

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार (एलिम्को) की ओर से जिला प्रशासन, पंचायत विभाग, समाज कल्याण व जिला रैडक्रॉस सोसायटी पलवल के संयुक्त प्रयास एवं एलिम्को अधिकृत सेल्स एवं मरम्मत एजेंसी (आसरा) एवं मान्या हैल्थ सेंटर के सहयोग से पंजीकृत एवं मापतोल शिविर आरवीवाई योजना के अंतर्गत बुर्जुगों के सरल जीवन यापन करने हेतु तथा चलने-फिरने, सुनने में सहयोग करने वाले सहायक उपकरण देने के लिए पंजीकरण एवं मापतोल शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में सभी बुजुर्ग अपने नजदीकी विभिन्न स्थानों पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इन शिविरों का आयोजन सोमवार 15 जनवरी से आगामी 01 फरवरी 2024 तक जिला के भिन्न स्थानों पर सुबह 9.30 बजे से सायं 4.00 बजे तक होगा। सोमवार को इस कैंप का आयोजन हथीन के बीडीपीओ कार्यालय में किया गया, जहां पर बुजुर्गों ने आकर इसका भरपूर लाभ उठाया। इसी प्रकार मंगलवार 16 जनवरी को राजकीय बाल विद्यालय मालूका, 17 जनवरी 2024 को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहीन, 18 जनवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांदकौल, 19 जनवरी को होडल के बी.डी.पी.ओ. कार्यालय, 23 जनवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बामनीखेड़ा, 24 जनवरी को ग्राम सचिवालय खाम्बी, 25 जनवरी को बी.डी.पी.ओ. कार्यालय हसनपुर, 27 जनवरी को ग्राम सचिवालय भिडूकी, 29 जनवरी को बी.डी.पी.ओ. कार्यालय बड़ौली, 30 जनवरी को बी.डी.पी.ओ. कार्यालय पृथला, 31 जनवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल तथा 01 फरवरी 2024 को राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर धर्मा ढाबा के नजदीक स्थित आसरा केंद्र (मान्या हेल्थ सेंटर) के कार्यालय पर इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने जिला के बुजुर्गों से इन कैंपों में जाकर अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।



उन्होंने बताया कि इन शिविरों में विभिन्न सहायक उपकरणों हेतु पंजीकरण किया जाएगा, जिसमें चलने हेतु हाथ की छड़ी, कोहनी वाली बैशाखी, वाकर या वैशाखी, कमर या घोटू बैल्ट, कान की सुनने की मशीन, व्हील चेयर, चेयर या स्टूल कमोड सहित शामिल हैं। डीसी ने जिला के स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठन, ग्राम पंचायतों के सरपंच, ग्राम सचिव, पार्षद एवं आम नागरिक से अपील की है कि वे प्रत्येक बुजुर्ग को इन शिविरों में ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने हेतु शिविर स्थल तक लेकर आएं, ताकि कोई भी बुजुर्ग इस योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने प्रत्येक बुजुर्ग से अपील करते हुए कहा कि वे अपने साथ आवश्यक दस्तावेज नामतः परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड की प्रति, दो फोटोग्राफ ओरिजलन तथा फोटोकॉपी के रूप में अवश्य लेकर आएं, ताकि किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जिला का कोई भी बुजुर्ग लगाए जा रहे इनमें से किसी भी शिविर में पहुंचकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं तथा जो भी छूट जाए वे 1 फरवरी 2024 को धर्मा ढाबा के नजदीक स्थित एलिम्को अधिकृत सेल्स एवं मरम्मत एजेंसी (आसरा) के कार्यालय पर पहुंचकर पंजीकरण करवा सकते हैं।

# राष्टीय पर्व गणतंत्र दिवस का आयोजन जिलास्तर पर बड़े ही शानदार ढंग से होगा : नगराधीश

**समारोह को भव्यता से मनाने के दृष्टिगत प्रारंभिक तैयारियों का लिया जायजा**

**कहा, समारोह की भव्यता में नहीं आनी चाहिए कोई कमी, अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश**

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** जिलास्तर पर स्थानीय नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह-2024 का आयोजन बड़े ही भव्य ढंग से किया जाएगा। इस समारोह में स्कूली बच्चों की देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां व विभिन्न विभागों की विकासात्मक गतिविधियों व योजनाओं से संबंधित झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी। यह निर्देश गणतंत्र दिवस समारोह को सफलतापूर्वक मनाने के उद्देश्य से नगराधीश द्विजा ने सोमवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में प्रारंभिक तैयारियों का जायजा लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व है, इसलिए इसका आयोजन भी बडे ही शानदार ढंग से होना चाहिए। उन्होंने विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि समारोह की भव्यता में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। इसके आयोजन के लिए सौंपी गई जिम्मेवारियों को सभी विभाग तय समय सीमा में पूर्ण कर समारोह के शानदार आयोजन में अपनी अहम भागीदारी सुनिश्चित करें। नगराधीश द्विजा ने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारी समय से पहले आयोजन स्थल के परेड ग्राउंड की साफ-सफाई व लेबलिंग, सडक़मार्ग को दुरूस्त करवाने, सडक़ मार्ग के दोनों ओर कच्चे रास्ते में घास लगवाने, पेड़ों पर रोगन करवाने, एंट्री प्वाइंट पर लेबलिंग, टैंट, स्टेज, मोबाइल शौचालय, एम्बुलेंस, फायरबिग्रेड व झंडों, साउंड सिस्टम, कार्यक्रम हेतु बिजली की निर्बाद उपलब्धता, जनरेटर, शहीद स्मारक की साजो-सज्जा, बडे गमलों, सफेदी, चूना, ग्रिल व गेट को दुरूस्त करवाने आदि का उचित प्रबंध किया जाए। इस मौके पर उन्होंने शहीदी स्मारक व इंडोर स्टेडियम का भी दौरा कर जायजा लिया और इन दोनो स्थानों की पूर्ण रूप से साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं रिपेयरिंग कार्य समयबद्ध रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी को स्थानीय नेताजी सुभाषचंद बोस स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह के लिए फुलड्रैस रिहर्सल (अंतिम पूर्वाभ्यास) की जाएगी।



उन्होंने अधिकारियों से समारोह में निकाली जाने वाली झांकियों के आवागमन के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विभाग तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने वाले स्कूली बच्चों को लाने व लेकर जाने के लिए रोडवेज की बसों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर उनके साथ जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा, तहसीलदार प्रेम प्रकाश, जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव वाजिद अली, जिला उद्यान अधिकारी डा. अब्दुल रज्जाक, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के वेलफेयर ऑर्गनाइजर इंद्रजीत, खंड शिक्षा अधिकारी मामराज रावत, जिला खेल विभाग के प्रशिक्षक भूषण, लोक निर्माण विभाग (भवन एवं मार्ग) के एसडीओ अशोक गोयल, हरियाणा रोडवेज के ड्यूटी निरीक्षक लक्ष्मण सहित नगर परिषद, मार्किटिंग बोर्ड व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## डिटेक्टिव स्टाफ पलवल ने देसी कट्टा सहित आरोपी किया गिरफ्तार




**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** जिला पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ को लेकर अभियान चलाया हुआ है। इसी अभियान को लेकर 15 जनवरी 2024 को डिटेक्टिव स्टाफ पलवल प्रभारी विकास कुमार की टीम में तैनात एएसआई सिराजुद्दीन ने थाना गदपुरी क्षेत्र के अंतर्गत नजदीक सरकारी स्कूल धतीर से एक आरोपी को अवैध हथियार देशी कट्टा सहित काबू किया। अवैध हथियार को कब्जे में लेकर आरोपी के विरुद्ध संबंधित थाना गदपुरी में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की गई।

## कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट किए नियुक्त: जिलाधीश

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**



**पलवल।** जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने दंड प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा 22 (।) और 23 (॥) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 18 व 19 जनवरी 2024 को नगर परिषद पलवल की जमीन व क्षेत्र नामतः राम नगर, वार्ड नंबर-12, मौहल्ला खेल खुर्द, सैय्यदवाडा, वार्ड नंबर-28, भाटिया कॉलोनी, आल्हापुर, रायपुर व अन्य स्थानों से अनाधिकृत अतिक्रमण हटाने के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर परिषद पलवल के पालिका अभियंता लखमीचंद राघव को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसी प्रकार गदपुरी थाने में दर्ज केस नंबर-389 के संबंध में अवैध रूप से जब्त किए गए बम, पटाखे, फुलझडिय़ां, अनार, रॉकेट आदि जैसे ज्वलनशील पदार्थों को नष्ट करने की प्रक्रिया के दौरान 18 जनवरी 2024 को कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए बीडीपीओ पृथला प्रवीण कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट दंड प्रक्रिया संहिता-1973 में निहित कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियों का प्रयोग करेंगे। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशानुसार सभी संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करेंगे कि संबंधित भूमि एवं उपरोक्त कार्यवाही पर किसी न्यायालय की ओर से कोई रोक/यथास्थिति आदि न हो तथा डी-मार्केशन का कार्य नियमानुसार हो और धूल नियंत्रण के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन हो। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों और इस संबंध में विभिन्न सीपीसीबी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए।

# जिला में कृषि विभाग ने प्रारंभ किया नैनो यूरिया का स्प्रे

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** कृषि उपनिदेशक डा. बाबूलाल ने बताया कि सरकार द्वारा किसानों की आय को दो गुना करने के चरण में नैनो यूरिया का अनुदान पर स्प्रैर कराया जा रहा है, जिसके अंर्तगत जिला पलवल में 15 जनवरी 2024 को गांव रूंधी में ड्रोन द्वारा नैनो यूरीया का स्प्रैर का कार्य प्रारंभ किया गया है।

किसानों को इस सुविधा के लाभ लेने के लिए मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण के उपरांत नैनो यूरिया का विभागीय पोर्टल agri-haryana.gov.in पर अपना पंजीकरण कराना होगा। कृषि उपनिदेशक डा. बाबूलाल ने बताया कि जिला के लगभग 200 किसानों द्वारा 1500 एकड़ के लिए अपना पंजीकरण करवाया गया था। इन पंजीकृत किसानों को नैनो यूरिया का स्प्रैर कराने के लिए मात्र 100 रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से हिस्सा विभाग में जमा कराना है। शेष खर्चा सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। गांव रूंधी के किसान जितेंद्र पुत्र स्व. बृजमोहन व हेमलता धर्मपत्नी जितेंद्र के द्वारा अपनी फसल का पंजीकरण मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पर करवाने के उपरांत नैनो यूरिया का पंजीकरण कराया गया था, जिनके खेतों में हरियाणा सरकार के सहयोग से कृषि एंव किसान कल्याण विभाग पलवल के ड्रोन द्वारा स्प्रैर किया जा रहा है। कृषि उपनिदेशक डा. बाबूलाल ने किसानों को मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण कराने का आग्रह करते हुए कहा कि सभी किसान सरकार की कृषि विभाग से जुड़ी योजनाओं का लाभ लेने के लिए मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपनी फसल का पंजीकरण अवश्य कराएं, क्योंकि इस पंजीकरण के आधार पर ही सरकार को विभिन्न योजना बनाने तथा किसानों को लाभ देने से संबंधित जानकारी प्राप्त होती है। जिला पलवल के किसानों द्वारा मात्र 93 हजार एकड़ जमीन का ही रबी 2023-24 के लिए पंजीकरण कराया गया है। जोकि जिला की कुल कृषि योग्य भूमि का मात्र 30 प्रतिशत ही है। यदि किसान अपनी फसल का पंजीकरण नहीं कराएंगे तो उन्हे फसल उत्पाद की बिक्री के साथ-साथ कृषि विभाग की लाभकारी योजनाओं से वंचित रहना पड़ेगा।




## अंबेडकर मेधावी छात्रवृतति योजना में किए गए आवदनों में से जल्द दूर करवाएं त्रुटि

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि डा. भीमराव अंबेडकर मेधावी संशोधित छात्रवृतति योजना-2023-24 के अंतर्गत छात्रवृतति हेतू इस वर्ष उत्तीर्ण हुए दसवीं कक्षा के सभी वर्गों जैसे- अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग (ब्लॉक ए व बी) एवं अन्य सभी समुदाय के विद्यार्थी व बारहवीं तथा स्नातक की छात्रवृतति हेतू अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा छात्रवृतति के आवेदन किए गए है, जिनमें से बहुत से ऐसे आवेदन भरे गए हैं, जिनके दस्तावेज स्कीम की हिदायत अनुसार पूर्ण नहीं करवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जिनके आवेदन पत्र अपूर्ण हैं व जिला कल्याण कार्यालय द्वारा जिन आवेदनों पर आपतति लगाई गई है, वे छात्र अपने आवेदन पर लगी त्रुटि को जल्द से जल्द दूर करवाएं, ताकि योजना का लाभ उठाया जा सके। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए पुराना कोर्ट परिसर स्थित जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय पलवल से संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा जिन छात्रों ने अभी तक छात्रवृति हेतू आवेदन नही किया है वे आगामी 31 जनवरी 2024 तक आवेदन करके स्कीम का लाभ उठाएं।

## पलवल में 9 वर्षीय बच्ची से युवक ने किया दुष्कर्म





**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** हरियाणा के पलवल में नाबालिक बर्चियों से दुष्कर्म के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। यह मामले पलवल जिले में रुकने के नाम नही ले रहे हैं। एक सप्ताह के अंदर जिले में नाबालिक बच्ची के दुष्कर्म का तीसरा मामला सामने आया। पलवल में एक युवक ने 9 साल की बच्ची का अपहरण कर उसके साथ स्कूल भवन में दुष्कर्म किया। वह बच्ची को दुकान से टॉफी दिलाने का झांसा देकर अपने साथ ले गया। बाद में वह बच्ची को 20 देकर गली में छोड़कर फरार हो गया। परिजनों को पता चला तो उन्होंने पूरे मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है। कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के मुताबिक एक मोहल्ले के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसकी 9 वर्षीय बेटी रुश्र कक्षा में पढ़ती है। बेटी 15 जनवरी को अपने घर के बाहर गली में खेल रही थी। इस दौरान वहां पर कृष्णा नामक एक युवक आया और उसकी बेटी को टॉफी दिलाने के बहाने अपने साथ ले गया। युवक उसकी बेटी को पास में बने एक स्कूल के भवन में ले गया। स्कूल के दरवाजे का ताला लगा हुआ था। इसके बाद युवक उसकी बेटी को दीवार से कूदाकर स्कूल के अंदर ले गया। स्कूल के कमरे में ले जाकर आरोपी कृष्ण ने उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दी और फिर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी उसकी बेटी को 20 देकर बच्चों के पास गली में छोड़कर फरार हो गया। उसकी बेटी घर पहुंची तो उसकी मां ने पूछा कि वह उसे काफी देर से ढूंढ रही थी। वह कहां थी, इस पर उसकी बेटी ने पूरी बात अपनी मां को बताई। इसके बाद परिजन बच्ची को लेकर कैंप खाने पहुंचे और पुलिस को शिकायत दी। पुलिस में आरोपी कृष्ण के खिलाफ आईपीसी की धारा 363, 366ए, 341 और 6 पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चलती गाड़ी में लगी आग बाल-बाल बचा गाड़ी चालक

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** हुड्डा सेक्टर - 2 के फ्लाईओवर पर एक चलती हुई कार में शॉर्ट - शर्किट की वजह अचानक भीषण आग लग गई। हालांकि कार सवार व्यक्ति कार से कार में आग लगती देख समय रहते कार से बहार निकल आए। जिससे उसकी समय रहते जान बच गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुँची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मौके पर पहुँचे पर पुलिस अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति अपनी सीएनजी की वैगनआर कार में सवार होकर मथुरा से दिल्ली जा रहा था। लेकिन जब उसकी कार पलवल के हुडा सेक्टर 2 के फ्लाईओवर पर पहुँची। तो कार में शार्ट - शर्किट की वजह से आग लग गई। गनीमत यह रही कि कार में आग लगती देखते कार सवार व्यक्ति समय रहते कार से बाहर निकल आए। जिससे उसकी जान बच गई। लेकिन कार में लगी आग ने कुछ ही समय मे भीषण रूप धारण कर लिया। जिस वजह से कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुँच गई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



# भारी वाहन चालक सावधान,लेन ड्राइविंग की उल्लघना करने वाले वाहन चालको के खिलाफ होगी सख्त करवाई: एसपी डॉ अंशु सिंगला

**भारी वाहन चालकों को निर्धारित बाई लेन मे चलने एवं यातायात नियमों की पालना करने बारे किया जागरूक**

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** हरियाणा पुलिस लेन ड्राइविंग को लेकर करेगी सख्त करवाई। लेन ड्राइविंग की उल्लंघना करने वाले वाहन चालको विशेष रूप से भारी वाहन चालको के खिलाफ कारवाई करने के लिए आदेश जारी किये गए हैं। इस संबंध में पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे करनाल की और से आदेश जारी किये गए हैं। जानकारी देते हुए एसपी डॉ अंशु सिंगला ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे करनाल की तरफ से जारी आदेशों में कहा गया है कि नैशनल हाईवे पर भारी वाहन चालको द्वारा लेन ड्राइविंग की पालना ना करके तेज गति वाली लेन का प्रयोग किया जा रहा है। इस संबंध में पुलिस द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किये जा रहें हैं तथा समय-समय पर वाहन चालको को जागरूक भी किया जा रहा है उसके बावजूद भी वाहन चालक लेन ड्राइविंग नियमो की अनदेखी करने से बाज नहीं आते। एसपी ने बताया कि अब पुलिस ऐसे वाहन चालको के खिलाफ सख्त करवाई करते हुए आईपीसी के तहत अपराधिक मामले दर्ज करेगी। उन्होने बताया कि इस सम्बन्ध में पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे करनाल ने सभी जिलों मे निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे करनाल के आदेशानुसार अब लेन ड्राइविंग की उल्लंघना करने वाले वाहन चालको के खिलाफ आईपीसी के तहत सख्त करवाई की जाएगी। इसी को लेकर आज इंस्पेक्टर जगवीर सिंह प्रबंधक थाना यातायात पलवल द्वारा भारी वाहन चालकों को लेन ड्राइविंग एवं यातायात नियमों के बारे मे जागरूक भी किया गया।



## वालीबॉल के लड़के खिलाड़ियों की आवासीय खेल अकादमी के लिए होगा ट्रायल

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि खेल विभाग द्वारा जिला पलवल में वालीबॉल खेल की आवासीय खेल अकादमी अलॉट की हुई है, जिसमें खिलाडिय़ों की संख्या कम होने के कारण विभागीय निर्देशानुसार वालीबॉल खिलाडिय़ों की अकादमी के लिए लडक़ों के चयन करने हेतु पुनः ट्रायल लिए जाने है, जिसमें 6 खिलाडिय़ों का चयन मुख्य सूची में तथा 5 खिलाडिय़ों का चयन करके प्रतिक्षा सूची में रखे जाने है। उन्होंने बताया कि वालीबॉल की आवासीय खेल अकादमी में 14 से 23 वर्ष तक के खिलाडिय़ों का ही चयन किया जाएगा।

खिलाडिय़ों की यह चयन प्रक्रिया स्थानीय नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम पलवल में आगामी 18 जनवरी 2024 को प्रात: 9 बजे शुरू की जाएगी। जिला खेल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस चयन स्पर्धा में भाग लेने के लिए खिलाड़ी अपने आवश्यक दस्तावेज, जिसमें आधार कार्ड की मूल प्रति व फोटो प्रति, जन्म प्रमाण-पत्र या दसवीं कक्षा के प्रमाण पत्र की मूल प्रति व फोटो प्रति, हरियाणा रेजिडैन्स की मूल प्रति व फोटो प्रति, रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो, अपने-अपने शिक्षण संस्थान से बोनाफाइड प्रमाण-पत्र की प्रति शामिल हैं, को साथ लाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि खिलाडिय़ों का चयन अंतर्राष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पदक व प्रतिभागिता तथा राज्य अथवा जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त खिलाडिय़ों का आवासीय अकादमी में चयन किया जाएगा। चयन या ट्रायल प्रक्रिया में भाग लेने वाले खिलाड़ी अनिवार्य रूप से खेल किट में पहुंचे। चयनित खिलाडिय़ों को अनिवार्य रूप से आवासीय छात्रावास में रहना होगा, जिसमें रहने व खाने की व्यवस्था विभाग द्वारा की जाएगी। अकादमी से स्कूल आने व जाने की व्यवस्था का खर्च खिलाड़ी द्वारा स्वयं वहन करना होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला खेल अधिकारी पलवल कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से पहुंचकर अथवा वालीबॉल प्रशिक्षक भूषण के मोबाइल नंबर-9416736230 पर संपर्क किया जा सकता है।

## संपादकीय

# ठंडे दिमाग से सोचे मालदीव

आखिर मालदीव ने भारत को साफ-साफ कह दिया कि वह 15 मार्च तक अपनी सेना वहां से वापस बुला ले। यह बात दोनों पक्षों के उच्चस्तरीय कोर ग्रुप की रविवार को हुई बैठक में बताई गई। कोर ग्रुप की यह बैठक मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के एक सप्ताह की चीन यात्रा से लौटने के ठीक बाद हुई।

**मुइज्जू के तेवर :** चीन से लौटने के बाद शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुद मुइज्जू ने ऐसा बयान दिया, जिसे कूटनीतिक हलकों में असामान्य रूप से कड़ा माना गया। उन्होंने कहा कि हम छोटे देश हो सकते हैं, लेकिन उस वजह से किसी को हमें धौंस दिखाने का लाइसेंस नहीं मिल जाता। भले ही उन्होंने भारत का नाम नहीं लिया, लेकिन यह स्पष्ट है कि उनका इशारा भारत की ओर था।

**अप्रिय विवाद :** कुछ ही समय पहले दोनों देशों के बीच एक अप्रिय विवाद हुआ था, जिसमें मुइज्जू सरकार के तीन मंत्रियों ने सोशल मीडिया एक्स (पुराना नाम ट्विटर) पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में भद्दे कॉमेंट किए थे। इस पर स्वाभाविक ही न सिर्फ भारत सरकार की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई बल्कि भारतीयों की भावनाएं भी आहत हुईं। हालांकि मालदीव सरकार ने तीनों मंत्रियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की, लेकिन सोशल मीडिया पर बॉयकॉटमालदीव का ट्रेंड चल गया।

**राजनीतिक पहलू :** फिर भी मालदीव सरकार के ताजा रुख को इस विवाद का परिणाम मानना गलत होगाा। वहां काफी समय से इसकी पृष्ठभूमि तैयार हो रही थी। पिछले साल हुए राष्ट्रपति चुनाव में भी मुइज्जू ने भारतीय फौज की वापसी को बड़ा मुद्दा बनाया था।

**चीन की ओर झुकाव :** ऐसे में अगर वह चीन की ओर झुकने वाली नीति अपनाने की कोशिश कर रहे हैं तो आश्चर्य की बात नहीं है। हैरानी की बात यह है कि उन्होंने देश में भारत विरोधी माहौल बनाने वाला बयान दिया है। इससे लगता है कि उनका ध्यान वहां मार्च में होने वाले संसदीय चुनावों पर केंद्रित है।

**हकीकत से दूर :** किसी देश की विदेश नीति घरेलू राजनीति से निर्देशित होने लगे तो यह खतरा पैदा हो जाता है कि वहां दीर्घकालिक राष्ट्रीय हित गौण पड़ने लगेंगे। जिस तरह से मुइज्जू तुर्किये से खाना और यूरोप व अमेरिका से दवाएं मंगाने की बात कर रहे हैं, उससे लगता है कि मालदीव की भू-राजनीतिक स्थिति की सचाइयों से उनका ध्यान या तो हट गया है या उन्होंने कुछ समय के लिए उस तरफ से आंखें बंद कर ली हैं।

**जल्दबाजी नहीं :** तसल्ली की बात यह है कि भारत ने अपना संयत रुख कायम रखा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर का यह कहना अर्थपूर्ण है कि 'राजनीति तो राजनीति है।' साफ है, भारत जल्दबाजी में कदम उठाने से बचना चाहता है। वह मालदीव को वक्त देते हुए चलेगा ताकि चुनावी जरूरतें पूरी होने के बाद ठंडे माहौल में इत्मीनान से संबंधों को ठीक करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके।

## रोजगार विभाग की ओर से आयोजित किया जा रहा व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह



**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** जिला रोजगार अधिकारी शक्तिपाल में बताया कि रोजगार विभाग हरियाणा जारी निर्देशों के तहत जिला रोजगार कार्यालय में आगामी 29 जनवरी से 02 फरवरी 2024 तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसमें बेरोजगार प्रार्थियों को विभाग द्वारा करियर से संबंधित मार्गदर्शन दिया जाएगा। प्रार्थी इस व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह में ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनो माध्यमों से जुड़ सकते हैं। उन्होंने जिला के अधिक से अधिक युवा वर्ग से इस व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का लाभ उठाने का आह्वान किया है।

## सीएम की घोषणा के पश्चात महाराणा प्रताप चौक का नवीनीकरण व सौंदर्यकरण का कार्य हुआ शुरू



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** सन 1998 में नगर के ऐतिहासिक महाराणा प्रताप चौक पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की चेतक पर सवार भव्य आदम कद प्रतिमा की स्थापना हुई थी। उक्त जानकारी देते हुए महाराणा प्रताप जयंती समिति अध्यक्ष नरेश चौहान ने बताया कि 26 वर्ष बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की घोषणा के तहत चौक के नवीनीकरण व सौंदर्यकरण के लिए19 लाख 69 हजार रुपए बजट का कार्य आज शुरू हो गया। चाणक्य कंस्ट्रक्शन कंपनी को 14 जून 2024 से पहले यह कार्य पूरा करना है। मूर्ति स्थापित करने वाली महाराणा प्रताप जयंती समिति के मुख्य संरक्षक ठाकुर विनीत सिंह तंवर पूर्व जिला न्यायवादी, अध्यक्ष राव नरेश चौहान राष्ट्रपूत,कोषाध्यक्ष अनंग पाल सिंह चौहान ने मौका पर जाकर ठेकेदार व मिस्त्री से प्रस्तावित कार्य की जानकारी सांझा की । समिति ने नगर के सौंदर्यकरण में चार चांद लगाने वाले इस चौक का नवीनीकरण करने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का आभार व्यक्त किया । समिति ने नगर परिषद टीम विशेष रूप से जिला नगर आयुक्त और कार्यकारी अभियंता का प्राथमिकता से कार्य शुरू करवाने के लिए धन्यवाद दिया।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण का हृदयाघात से निधन

### धरना संघर्ष समिति का सक्रिय सदस्य था मृतक

### ग्रामीणों ने सरकार से मुआवजा तथा परिजन को नौकरी देने की मांग की





**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बागोत के बीच वाहनों के एंट्री-एगिजिट कट देने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा बीती 13 मार्च से शुरू किये गये अनिश्चतकालीन धरने पर बैठे एक ग्रामीण की ठिठुरती सर्दी के चलते हृद्याघात से मौत हो गई। धरना संघर्ष समिति के प्रधान विजय सिंह तथा सूबेदार सुखबीर सिंह ने बताया कि जिंदगी के आखिरी पडाव तक धरने पर डटे रहने वाले पंडित गौरी शंकर,52 वर्ष वासी बाघोत को उस समय हृद्याघात हुआ जब वे धरना स्थल पर बैठे थे। अचानक से उनके सीने में दर्द हुआ धरना स्थल पर बैठे ग्रामीण उन्हें तत्परता से सेहलंग के निजी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार कर दिया। दूसरे दिन तकलीफ के चलते उसे पुन: अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। धरनारत ग्रामीणों ने उन्हें शहीद मानते हुए सरकार से मृतक ग्रामीण के परिजनों को उचित मुआवजा तथा परिवार के सद्स्य को नौकरी देने की मांग की है। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने दो मिनट का मौन धारण कर उनके निधन पर शोक जताया है। ग्रामीणों ने कहा कि धरना कमेटी के सक्रिय सद्स्य रहे गौरी शंकर की शहादत व्यर्थ नहीं जाने दी जाएगी। केंद्र एवं प्रदेश सरकार मनमर्जी पर उतर रही है। भविष्य में होने वाले लोकसभा तथा विस चुनावों में इसका खामयाजा भुगतना पड़ेगा। साढे 10 माह के आदोंलन के दौरान दर्जनभर से अधिक ग्रामीण बिमार हो चुके हैं जिनका कहीं-न-कहीं उपचारी जारी है। सरकारें जानबूझ कर उनकी मांग को अनदेखा कर रही हैं। सूबेदार सुखबीर सिंह ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को 310वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता नरेंद्र शास्त्री छितरोली ने की। उन्होंने कहा कि पिछले साढे 10 माह से जारी धरने को लेकर सरकार की ओर से कट बनाने का आश्वासन मिला लेकिन कार्य शुरू नहीं किया गया। प्रदेश के डिप्टी सीएम ने भी धरना स्थल पर आकर जल्द निर्माण कार्य करवाने का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर इस मौके पर सरपंच हरिओम पोता, डॉ. लक्ष्मण सिंह,पहलवान रणधीर सिंह, पूर्व सरपंच बेड़ा सिंह,पहलवान धर्मपाल, रामकिशन, ठेकेदार शेर सिंह, चेयरमैन सतपाल, सूबेदार हेमराज अत्री,पंडित मनीराम, दाताराम पूर्व सब इंस्पेक्टर रामकुमार, प्रधान कृष्ण कुमार, पूर्व सरपंच हंस कुमार,सुरेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार पंच,सतनारायण, वेद प्रकाश, ओमप्रकाश, रामभज, डॉ. रामभक्त, रोशन लाल आर्य,सीताराम करतार सहित ग्रामीण हाजिर थे।

# कनीना-बागोत मार्ग पर बसई डिस्ट्रीब्यूटरी पर सड़क के दोनों और बनाई जा रही सुरक्षा दीवार में बरती जा रही अनियमितता

### करोड़ों रूपये की लागत से बनाई जा रही दीवार,ठेकेदार ने आनन-फानन में 50 फीसदी कार्य पूरा किया



**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-बागोत-दादरी मार्ग पर गांव सिहोर के समीप से गुजर रही बसई रजबाहे के दोनों ओर सडक़ मार्ग के साथ-साथ लोक निर्माण विभाग की ओर से करीब एक करोड़ रूपये की लागत से सेफ्टिवॉल बनाई जा रही है जिसमें ठेकेदार द्वारा घटिया व निम्न स्तर की निर्माण सामग्री इस्तेमाल की जा रही है जिसे लेकर ग्रामीणों तथा किसानों ने आक्रोस जताया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस कार्य का ठेका जयभगवान कॉंट्रेक्टर के नाम से छोड़ा गया है। जिनकी ओर से सडक़ के साथ-साथ चारों साइड 200-200 मीटर की सुरक्षा दीवार बनाई जा रही है। ग्रामीण महिला स्नेहलता, ग्रामीण जगराम, पवन कुमार ने बताया कि दीवार के निर्माण में 3 नम्बर की ईटें,सूखा क्रेशर, नाममात्र सीमेंट की बुनियाद भरी जा रही है जो वर्क आर्डर के अनुरूप नहीं है। सरकारी बजट पर पानी फेरने की कौशिश की जा रही है। ठेकेदार लोक निर्माण विभाग के अधिकरियों से मिलीभगत कर कार्य को अंजाम दे रहा है,आनन-फानन में करीब 50 फीसदी कार्य पूरा किया जा चुका है। इस्तेमाल की जा रही ईंटे चिडिया के भे के लाई जा रही है। प्रश्न उठता है कि किए जा रहे कार्य का निरीक्षण विभाग के किसी टेक्रिकल व्यक्ति जेई-एसडीओ की ओर से किया गया? यदि इसका निरीक्षण किया गया है तो इसमें मिलीभगत की बू झलकती है। इस बारे में लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अश्वनी कुमार ने बताया कि वे चंडीगढ गए हुए हैं। मीडिया के माध्यम से उनके संज्ञान में मामला आ गया है। इसकी जांच के लिए विभाग के एसडीओ अलौक कुमार की जिम्मेवारी लगाई है। इसकी गहनता से जांच की जायेगी ओर गलत पाए जाने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# रास्ते को पक्का करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने शुरू किया धरना

### गुढा गांव के ग्रामीणों ने बीडीपीओ से जल्द मार्ग निर्माण की मांग की



**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** गांव गुढ़ा के पश्चिम दिशा स्थित अनुसूचित जाति बस्ति के रास्ते को पक्का करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने धरना शुरू कर दिया। ग्रामीण अमर सिंह, शेर सिंह, हरफूल सिंह, हंसराज, प्यारेलाल पंच, मुकेश कुमार पंच ने बताया कि गांव गुढा में मीठे पानी की टंकी के समीप से गुजर रहे रास्ते पर निकासी का पानी खड़ा रहता है। जिससे बस्तिवासी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि ये मार्ग दुलोठियों की ढाणी होते हुए राजेंद्र के कुएं तक जाता है। रास्ते पर बस्ती के नागरिक रहते हैं। बीच रास्ते में कीचड़ भरने से ग्रामीणों को उसके अंदर से गुजरना पड़ता है। मक्खी मच्छर पनप रहे हैं। ग्रामीण अमर सिंह, दलीप सिंह, राजकुमार, मानकोर, रामकुमार,नरेश, सज्जन ने बताया कि रास्ते के लिए पंचायत के प्रस्ताव पर बीडीपीओ की ओर से बजट अलाट कर दिया गया है। रास्ते के निर्माण का कार्य गांव से शुरू न कर खेतों से शुरू किया जा रहा है। ग्रामीणों ने रास्ते का निर्माण मीठे पानी की टंकी से शुरू करने की मांग की है। ग्रामीण शीघ्र ही बीडीपीओ के खिलाफ उच्च अधिकारियों से मिलेगें ओर समस्या से अवगत कराएगें।

ग्राम सरपंच वीरेंद्र दीक्षित ने बताया कि अनुसूचित जाति बस्ति में पूर्व की पंचायत द्वारा वर्षों पूर्व मार्ग निर्माण कराया जा चुका है। बस्ति में कोई गलि कच्ची नहीं है। जो सडक़ बनाई जा रही है वह पंचायत समिति की ग्रांट से ई-टेंडरिंग के जरिए बनाई जा रही है। सडक़निर्माण को रोकने के लिए कुछ ग्रामीणों द्वारा षडयंत्र रचा जा रहा है। इस बारे में पंचायत समिति कनीना की सद्स्या मंजू देवी ने बताया कि पंस की ओर से 22 लाख रूपये की ग्रांट सुरेश कुमार के मकान से शुभराम के मकान तक मार्ग निर्माण के लिए मंजूर की गई है। जिसका विधिवत रूप से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कार्य को अवरूद्व कर रहे 5 ग्रामीणों के खिलाफ बीडीपीओ कनीना को शिकायत देकर पुलिस सहायता उपलब्ध करवाने की मांग की है।

# खरखड़ा महाविद्यालय में 20 को होगा द्वितीय दीक्षांत समारोह का आयोजन




**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा के प्रांगण में शनिवार 20 जनवरी 2024 को महाविद्यालय के द्वितीय दीक्षान्त समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें उपकुलपति इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय जे.पी. यादव बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए सत्र 2020, 2021 व 2022 के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करेंगे। राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा की प्राचार्या अर्चना सूटा ने जानकारी देते हुए बताया कि इसमें बीए, बी. कॉम व बी. एससी संकायो के विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं, जिसके लिए पंजीकरण समय शनिवार 20 जनवरी 2024 को प्रात: 8:30 से 9 बजे तक रहेगा। अन्य जानकारी के लिए महाविद्यालय की वेबसाइट www.gckharkhara.ac.in पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि समारोह की तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। महाविद्यालय से वर्ष 2020, 2021 व 2022 सत्र के सभी संकायों में पास हुए विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी।

# कनीना में बाबा लालगिरी की स्मृति में 23 को होगा धार्मिक मेले का आयोज

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना में आगामी 23 जनवरी को बाबा लालगिरी की 48वीं स्मृति में धार्मिक मेले का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मनोज यादव ने दी। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान हरियाणा स्टाईल कबड्डी, रस्साकसी व दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 22 जनवरी रात्री के समय जागरण होगा जिसमें गायक कलाकारों की ओर से भजन-सत्संग किया जाएगा। मेले के मुख्यातिथि ठाकुर अतर लाल होगें जबकि अतिविशिष्ठ अतिथि के रूप में एडवोकेट विनय यादव तथा विशिष्ठ अतिथि मनोज शर्मा बावल होगें। मेले में भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें श्रद्वालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद किसानों को दिन के समय उपलब्ध नहीं बिजली

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा फसलों की सिंचाई करने के लिए दिन के समय बिजली उपलब्ध करवाने के लिए किसानों के हित में की गई घोषणा बिजली निगम के अधिकारियों की ओर से अभी तक लागू नहीं की जा सकी है। जिसके चलते किसान कडाके की ठंड में रात्री 10 बजे से सुबह 6 बजे तक रबि फसल की सिंचाई करने पर मजबूर हैं। रामबास के किसान सतबीर सिंह,ओमप्रकाश, ढाणा के वेदप्रकाश ने बताया कि मुख्यमंत्री की ओर से हाल ही में किसानों को ट्यूवैल की बिजली सप्लाई 31 जनवरी तक दो चरणों में दिन के देने की घोषणा की थी। जिस पर अभी तक कोई अमल नहीं हो सका है। बिजली निगम के अधिकारियों की ओर से पुराने पैट्रन के अनुसार बिजली दी जा रही है जिससे क्षेत्र के किसान ठिठुरती सर्दी में सिंचाई करने पर मजबूर हैं। किसानों ने बिजली निगम के अधिकारियों से बिजली सप्लाई को शेड्यूल बदली कर दिन के समय बिजली सप्लाई करने की मांग की है। इस बारे में बिजली निगम के एसडीओ ने कहा कि किसानों को दिन के समय बिजली सप्लाई देने के लिए दो शेड्यूल बनाए गए हैं। उनके मुताबिक उन्हें बिजली दी जाएगी।

## शीतलहर तथा ठंड से बढ रही ठिठुरन

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सहित पूरे उत्तर भारत में पड़ रही कडाके की ठंड के चलते सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सर्दी से बचाव के लिए ग्रामीणों में गर्म एवं ऊनी कपडों की मांग बढ रही है। घरों में दुबके ग्रामीण जरूरत होने पर ही ग्रामीण घरों से निकल रहे हैं। ठंड के चलते रोजमर्रा की जिंदगी भले ही ठहरी है लेकिन रबि फसलों के लिए यह वरदान साबित हो रही है। सरसों एवं गेहूं की फसल पूरी रौनक पर है। कडाके की सर्दी से बचाव के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के नागरिक अलाव जलाकर सर्दी दूर करने का प्रयास करने पर मजबूर हैं। क्षेत्र में धुंध कम तथा ठंड अधिक के हालात बने हुए हैं। मंगलवार को कनीना क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री व अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेलसियस दर्ज किया गया। एक्यूआई 401 दर्ज किया गया जिसे वेरी पूअर माना गया है। कृषि विभाग के डॉक्टर देवेंद्र कुमार ने बताया कि सप्ताह की समाप्ति तक मौसम शुष्क लेकिन ठंड वाला बने रहने का अनुमान है। बढी हुई ठंड से फसलों को फायदा हुआ है। रबि फसल की बंपर पैदावार होने की संभावना है।

# अंत्योदय सरल केंद्र कनीना में नहीं हुई स्टेशनरी की आपूर्ति

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना के अंत्योदय सरल केंद्र में पिछले माहभर से स्टेशनरी की समस्या बनी हुई है। कागज उपलब्ध नहीं होने से कंप्यूटर ऑपरेटर ग्राहकों से कागज लाकर नकल ले जाने का फरमान कर रहे हैं। हलका विधायक सीताराम यादव के संज्ञान में आने के बाद भी समस्या का निदान नहीं हो सका है। जिससे उपभोक्ता बेहद परेशान हैं। कोई भी नागरिक जमींन सहित विभिन्न प्रकार की नकल या दस्तावेज लेने के लिए जाये तो कंप्यूटर-प्रिंटर में इस्तेमाल होने वाले कागज जरूर साथ लेकर जाएं। अन्यथा उनका कार्य लटक सकता है। जी हां, यहां पर कंप्यूटर ऑपरेटरों की करीब 8 टेबल लगी हुई हैं। जिन पर कागजों का अभाव बना हुआ है। बताया जाता है कि कार्यालय में काम करने वाले कंप्यूटर ऑपरेटरों को एनआईसी जिला मुख्यालय की ओर स्टेशनरी उपलब्ध करवाई जाती है। दिलचस्प बात है कि स्टेशनरी के बिलों को मंजूरी नहीं मिलने के चलते कागजों की समस्या बनी हुई है। हालात ये हैं कि जो व्यक्ति किसी भू-लेख की नकल लेने जाता है तो उसे कंप्यूटर ऑपरेटर कागज लाने का फरमान करते हैं। उपमंडल प्रशासन की नजरों तले कागज उपलब्ध कराने वाले व्यक्तियों का कार्य किया जा रहा है। कागज नहीं लाने वाले उपभोक्ताओं को मायुस होकर लौटना पड रहा है। कंप्यूटर ऑपरेटरों ने कहा कि इस समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। इस बारे में सरल केंद्र में जमींन की ऑनलाईन नकल लेने पंहुचे उपभोक्ता ओमप्रकाश, सुरेश कुमार, सुनील कुमार, राकेश कुमार,दलीप कुमार, देवेंद्र सिंह, मोती कुमार, सुनील,रामकिशन ने बताया कि उनकी ओर से नकल की मांग की गई। जिस पर कंप्यूटर ऑपरेटर ने कागज न होने की बात कही। बाजार से कागज उपलब्ध करवाने पर नकल मुहैया हो सकी। ऐसा करने से उन्हें कागज खरीदने तथा नकल फीस देने के चलते दोहरा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। हलका विधायक सीताराम यादव ने कहा कि सरल केंद्र में कागजों-स्टेशनरी की समस्या का शीघ्रता से समाधान किा जाएगा। जल्द से जल्द इसका समाधान किया जाएगा। भविष्य में इस प्रकार की समस्या सामने नहीं आने दी जायेगी।

## बाजरा बेचे जाने के 5 माह बाद भी किसानों को नहीं मिली भावातंर भरपाई

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** सरकार की ओर से शुरू की गई भावांतर भरपाई योजना का लाभ जिले के किसानों को नहीं मिलने पर परेशान है। उन्होंने कहा कि उनकी ओर से करीब 5 माह पूर्व 2250-2300 रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बाजरा बेचा गया था, उस दौरान खरीद एजेंसी की ओर से 250-300 रूपये भावांतर भरपाई का उनके खाते में डाले जाने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन अब तक उनके खाते में भावांतर भरपाई का पैसा नहीं आ सका है। गुढा के किसान नरेश कुमार, धर्मपाल सिंह, बिजेंद्र यादव, राजेश,रामबास के सतबीर सिंह,सुरेश कुमार ने बताया कि इस बारे में कई बार एडीओ से संपर्क साधा गया लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका। किसानों से प्रदेश सरकार से भावातंर भरपाई की राशि तत्काल उनके बैंक खातों में डाले जाने की मांग की है।

## ढाणा में स्वास्थ जांच शिविर 20 को

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** आगामी 20 जनवरी शनिवार को सुबह 10 से 2 बजे तक ढाणा गांव में स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गुरुग्राम के निजी अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच की जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि शिविर का शुभारंभ कृष्णा आर्या की उपस्थिति में जल शक्ति अभियान के निदेशक डॉ. जेके आभीर द्वारा किया जायेगा। शिविर में बीपी, शूगर, हड्डी, फेफडे, हृदय व आखों सम्बंधी बिमारी की जांच की जायगी।

# भारी ठंड में भी खुले पलवल में स्कूल

## कडकड़ाके की ठंड में स्कूल जाते छोटे बच्चे व उनके परिजन के शॉट्स व बाईट




**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** पलवल के निजी स्कूलों ने एक बार फिर हरियाणा प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए नर्सरी और केजी में पढ़ने वाले बच्चों को भी स्कूल बुलाया है। इनके सामने स्थानीय प्रशाशन बिल्कुल असहाय और पंगु है। हालांकि शिक्षा विभाग के अधिकारी ऐसे स्कूल संचालकों के खिलाफ एक्शन लेने की बात कर रहे हैं।

हरियाणा प्रदेश सरकार तथा शिक्षा विभाग ने प्रदेश में बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए कक्षा तीन तक पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को ठंड से बचाने के लिए छुट्टी पर रखने के आदेश जारी किए हैं। वही कक्षा 4 और 5 के लिए संबंधित जिलों के अधिकारियों के विवेक पर निर्णय छोड़ा है और कक्षा 6 से लेकर 12वीं कक्षा तक के छात्रों के लिए सभी स्कूलों के चाहे सरकारी स्कूल हो या प्राइवेट स्कूल समय में बदलाव करते हुए सुबह 10:00 बजे से शाम को 4:00 बजे तक का समय निर्धारित किया है। लेकिन पलवल जिले में कई निजी स्कूल के संचालकों द्वारा सरकारी विभाग के आदेशों को धता बताते हुए सुबह 8:30 बजे से खोले जा रहे हैं। यहां तक की छोटे-छोटे बच्चों को कंपकपाती ठंड में स्कूलों में पढ़ाने के लिए बुलाया जा रहा है। वही जब इस बारे में पलवल के जिला मौलिक अधिकारी तथा जिला शिक्षा अधिकारी से पूछा गया। तो उन्होंने बताया कि इस बारे में बीओ को आदेश दे दिए गए है कि जो भी कोई स्कूल नियमों की उल्लंघना करता पाया जाएगा।

उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए। उन्होंने बताया कि हरियाणा प्रदेश सरकार ने 20 जनवरी तक कक्षा 3 तक के बच्चों के लिए छुट्टी की घोषणा की हुई है और यह आदेश सभी सरकारी और निजी स्कूलों में भेजे जा चुके हैं और कक्षा 6 से 12वीं कक्षा तक के बच्चों के लिए सुबह 10:00 बजे से पहले यदि कोई स्कूल खुला हुआ पाया जाएगा या कोई खोलता है। तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ठंड ज्यादा होने के कारण जिला उपायुक्त पलवल से बात करके चौथी और पांचवी कक्षा के छात्रों की छुट्टी भी करने के बारे में विचार विमर्श किया जाएगा।

# पलवल नागरिक अस्पताल की बिजली गुलः मरीजों को बिना उपचार लौटना पड़ा; कर्मचारियों ने मोबाइल की लाइट जलाकर किया कार्य

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** पलवल जिला नागरिक अस्पताल में सर्दी के इस मौसम में मंगलवार को सुबह से बिजली गुल होने के चलते जहां कर्मचारी अंधेरे में कार्य करते नजर आए वहीं, मरीज भी अंधेरे में इधर से उधर भटकते दिखाई दिए। मंगलवार को जिला नागरिक अस्पताल में करीब पांच घंटे तक बिजली गुल रहने के कारण उपचार कराने के लिए आए मरीजों को बिना उपचार के ही वापस लौटने को मजबूर होना पड़ा। बिजली गुल होने के चलते मंगलवार को जिला नागरिक अस्पताल में न तो मरीजों के एक्सरा हुए, न अल्ट्रासाउंड और नही रक्त संबंधी जांच हो सकी। अस्पताल में दिन के समय रात जैसा माहौल दिखाई दे रहा था, अंधेरा इतना था कि मरीजों को अस्पताल में कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा था। जिस कारण मरीज काफी देर तक इंतजार करने के बाद वापस अपने घरों को लौट गए।



**अस्पताल ही बीमार दिखाई दे रहा**

जिला नागरिक अस्पताल में मंगलवार को उपचार करने पहुंचे जवाहर नगर कैंप निवासी राकेश कुमार, थाई मोहल्ला निवासी सरोज, शमशाबाद निवासी राजबीरी व चोखराम का कहना था कि सर्दी की वजह से उन्हें बुखार, जुखाम व खांसी की दिक्कत है। जिसके चलते वे सर्दी के इस मौसम में अस्पताल पहुंचे लेकिन यहां तो अस्पताल ही बीमार दिखाई दे रहा है। पूरे अस्पताल में अंधेरा छाया हुआ था, लग रहा था कि अभी अस्पताल में दिन ही नहीं निकला है।

**अल्ट्रासाउंड कराने के लिए आई गर्भवती हुई परेशान**

वहां बिना बिजली के कम्प्यूटरों पर कार्य कर रहे कर्मियों से पूछा तो उनका कहना था कि बिजली आने के बाद ही कुछ हो सकता है। गर्भवती महिला संतोष ने बताया कि वह अल्ट्रासाउंड कराने के लिए आई थी, लेकिन बिजली न होने के कारण उसका अल्ट्रासाउंड नहीं हो सका, अब वह इंतजार के बाद वापस अपने घर जा रही है। कई कक्षों में अस्पताल के कर्मचारी मोबाइल फोन की बैट्री जलाकर काम करते हुए दिखाई दिए। अस्पताल कर्मियों से पूछा तो उनका कहना था कि बिजली आने के बाद ही कुछ हो सकता है। गर्भवती महिला संतोष ने बताया कि वह अल्ट्रासाउंड कराने के लिए आई थी, लेकिन बिजली न होने के कारण उसका अल्ट्रासाउंड नहीं हो सका, अब वह इंतजार के बाद वापस अपने घर जा रही है। कई कक्षों में अस्पताल के कर्मचारी मोबाइल फोन की बैट्री जलाकर काम करते हुए दिखाई दिए।

**तारों को बदलने का कार्य किया जा रहा**

इस संबंध में जिला नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. अजय माम का कहना है कि था कि अस्पताल की वायरिंग पुरानी हो चुकी थी, आए दिन इसमें फॉल्ट आ जाते थे। जिसके चलते अस्पताल में मंगलवार को तारों को बदलने का कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते अंधेरा रहा, लेकिन दोपहर बात लाइट को सुचारू कर दिया गया है।

# पलवल में विवाहिता को कमरे में बंदकर पीटाः ससुर ने की छेड़छाड़; विरोध करने पर धक्के देकर घर से निकाला

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** पलवल विवाहिता के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने व ससुर द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। गदपुरी थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति, सास व ससुर के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।।

गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर सिंह के अनुसार, एक विवाहिता ने दी शिकायत में कहा कि उसकी शादी अप्रैल 2018 में हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही पति, ससुर व सास उसके साथ मारपीट कर तंग करने लगे। जिसके संबंध में पीड़िता ने एक शिकायत 19 सितंबर 2023 को महिला थाना बल्लभगढ़ में दी थी। जिस पर महिला थाना पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने में बुलाया था। जिसके बाद ससुराल वालों ने अपनी गलती मान ली और उसे घर बसाने की नीयत से राजीनामा कर अपने साथ ले गए।




**अकेला देखकर पकड़ा**

पीड़िता का आरोप है कि उसके बाद से उसका ससुर जानबूझ कर आते-जाते गलत तरीके से छूने लगा। जिसके बारे में पीड़िता ने अपने पति व सास से कहा तो उन्होंने उल्टा उसे ही कमरे में बंद कर लात-घूंसों से मारा पीटा। आरोप है कि 23 दिसंबर 23 को पीड़िता शाम के समय रसोई में खाना बना रही थी, उसी दौरान उसके ससुर ने उसे अकेला देखकर गलत नीयत से पीछे से पकड़ लिया और गलत हरकत करने की कोशिश करने लगा। जिसके बाद पीड़िता ने जोर से शोर मचाया तो आरोपी उसे छोड़कर चला गया।

**आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज**

जिसके बारे में पीड़िता ने जब रात में इस बारे में अपने पति को बताया तो पति ने सास व ससुर को बुलाकर उसे कमरे में बंद करके पीटा और 25 दिसंबर को उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। लेकिन पीड़िता घर बसाना चाहती थी, जिसके चलते अब तक दोनों पक्षों में बात चल रही थी। लेकिन राजीनामा न होने पर पुलिस ने 15 जनवरी को देर रात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पलवल में केजीपी एक्सप्रेस-वे पर युवकों से लूट मकर सक्रांति पर गंगा स्नान कर लौट रहे थे

## पुलिस ने कहा कि अभी नही मिली है शिकायत नहीं

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** पलवल में मकर सक्रांति पर्व पर हरिद्वार से गंगा स्नान कर लौट रहे चार युवकों से मारपीट कर लूट लिया। वारदात को दो दर्जन से अधिक युवकों ने अंजाम दिया है। घायल युवकों को उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला नागरिक अस्पताल में घायल सचिन ने बताया कि वह अपने दोस्त दीपक, उमेश व वीरेंद्र के साथ मकर सक्रांति पर्व पर गंगा स्नान के लिए हरिद्वार गया था। हरिद्वार से लौटते समय वे जब केजीपी एक्सप्रेस-वे पर टोल प्लाजा के निकट पहुंचे तभी उनकी गाड़ी को एक स्कूटी सवार युवक ने रोक लिया। पीड़ित का आरोप है कि जब तक वे कुछ समझ पाते इतने में ही उक्त युवकों ने उनकी गाड़ी की चाबी लूट ली। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने जब उसका विरोध किया। तभी वहां पर उक्त आरोपी ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। आरोप है कि देखते ही देखते वहां पर दो दर्जन से अधिक युवक बाइकों पर एकत्रित हो गए। जिन्होंने आते ही उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित सचिन ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने गले से सोने की चैन व जेब से नगदी को लूटकर ले गए। घायलों को उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया है। इस संबंध में जब चांदहट थाना प्रभारी दलवीर सिंह से बात की तो उनका कहना था कि उनके पास इस प्रकार की कोई शिकायत नहीं आई है। यदि कोई शिकायत मिलेगी तो उस पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



# पलवल में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान के बयान की निंदाः लोगों ने पोस्टर चिपकाकर किया विरोध

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** हरियाणा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान की ओर से 25 दिसंबर को जींद में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान दिए गए बयान को लेकर होडल की राजनीति गरमाने लगी है। प्रदेशाध्यक्ष के इस बयान की निंदा करते हुए जिला पलवल के होडल उपमंडल में जगह-जगह उनके खिलाफ पोस्टर चिपकाए गए हैं। पोस्टरों में निवेदक के रुप में समस्त जाट समाज ने प्रदेशाध्यक्ष से इस बयान पर माफी मांगने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि 25 दिसंबर 2023 को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर बयानबाजी करते हुए कहा था कि झुका हुआ जाट और टूटी हुई खाट किसी काम की नहीं होती। प्रदेश अध्यक्ष के इस बयान से जाट समाज के कई लोगों में नाराजगी व्याप्त हो गई है।

### प्रदेश अध्यक्ष से लोगों ने माफी मांगने की मांग




इसी बयानबाजी से नाराज जाट समाज के कुछ लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ होडल शहर के गली व मोहल्लों में पोस्टर लगा दिए। यह पोस्टर शहर के 22सी मोहल्ला, भरत मिलाप चौक, रामलीला मैदान, चरण सिंह चौक, जगजीवन राम चौक व होडल थाना चौक के अलावा शहर की अन्य कई मुख्य जगह पर भी चिपका दिया है। इन पोस्टरों में प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के फोटो पर क्रॉस, निवेदक के नाम पर समस्त जाट समाज व समाज सेवी के रूप में जसवंत उर्फ जस्सू का फोटो लगा हुआ है। इसके अलावा इस पोस्टर पर एक कविता में प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ निंदा के योग्य है। तुम्हारा बयान, जाट पूर्वजों का किया अपमान, हमारे बुजुर्गों को बताया टूटी खाट समान, माफी मांग लो तुम उदयभान लिखा हुआ है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ शहर में लगे यह पोस्टर लोगों में चर्चा का विषय बने हुए है।

**जसवंत उर्फ जस्सू बोले- जाट समुदाय के लोगों में रोष**

इस मामले में जब समाजसेवी जसवंत से बातचीत की गई तो उनका कहना था कि प्रदेश अध्यक्ष के इस बयान ने जाट समुदाय के लोगों में रोष है। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष का यह बयान निंदनीय है उन्हे अपने बयान पर जाट समाज से माफी मांगनी चाहिए वह इस प्रकार हमारे बुजुर्गों का अपमान नही कर सकते अगर वह माफी नहीं मांगते है तो जाट समाज सड़क से लेकर संसद तक उनका कड़ा विरोध करेगा। कांग्रेस को इसका खामियाजा आगामी चुनावों में भुगतना पड़ेगा।

# हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड अपनी पुरानी या अनुपयोगी संपत्तियों का करेगा मुद्रीकरण

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ली बोर्ड की बैठक

### मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, बोर्ड द्वारा ऐसी संपततियों की सूची पोर्टल पर की जाए अपलोड



**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की पुरानी या ऐसी संपततियां, जो वर्तमान में उपयोग में नहीं लाई जा रही हैं, उनके मुद्रीकरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस कदम से एक ओर बोर्ड की आय में वृद्धि होगी तो वहीं प्राप्त राजस्व से मंडियों के आधारभूत ढांचा को और मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज यहां वर्तमान में अनुपयोगी तथा खाली पड़े प्लॉट की निलामी के संबंध में बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जेपी दलाल भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में जानकारी दी गई कि बोर्ड के पास 35 स्थानों पर अनुपयोगी प्लॉट या संपततियां जैसे पुराने कार्यालय भवन व स्टाफ क्वार्टर हैं, जिन्हें जिन्हें निलाम किया जाना है। मनोहर लाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कई शहरों में अब मंडियां शहरों से बाहर शिफ्ट हो चुकी हैं, इस कारण बोर्ड की पुरानी व ऐसी अन्य संपततियों का एक पोर्टल बना कर उनकी जानकारी अपलोड की जाए। इसके बाद उनकी नीलामी की जाएगी। इससे इन संपततियों का उचित उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा और बोर्ड को भी अतिरिक्त आय प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि इन संपततियों की नीलामी हेतु आरक्षित मूल्य वाजिब रखा जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग नीलामी में भाग ले सकें।

**आगामी 6 माह में लगभग साढ़े 500 करोड़ रुपये राजस्व जुटाने का लक्ष्य**

बैठक में बताया गया कि बोर्ड के पास कुल 37,364 प्लॉट हैं, जिनमें से 23,206 प्लॉट निलामी या आवंटित किए जा चुके हैं। अभी 14,158 प्लॉट खाली पड़े हैं, जिनकी बोर्ड ने आगामी 6 माह के लिए निलामी की रूपरेखा तैयार की है। इसके अनुसार सोनीपत, कनीना अंबाला कैंट, रेवाड़ी (बिथवाना व बावल), असंध, होडल, टोहाना, राजौंद, उचाना, बेरी, सेब मंडी पिंजौर, खेड़ी चोपटा, खाण्डा खेड़ी, छात्तर, अरनौली, भागल, बाबा लाडला, मुरथल, झांसा, ठोल, छिछराना, निजामपुर इत्यादि की नई सब्जी मंडी व अनाज मंडियों में प्लॉट की निलामी की जाएगी, जिससे लगभग 150 करोड़ रुपये का राजस्व आने की संभावना है।

इसके अलावा, मार्केट कमेटियों की अनुपयोगी संपततियों की बिक्री से 50 करोड़ रुपये, विभिन्न स्थानों पर पेट्रोल पंप स्थल की बिक्री से लगभग 30 करोड़, वर्तमान मंडियों में शेष प्लॉटों की बिक्री से लगभग 300 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने की योजना है।

बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री वी उमाशंकर, मुख्यमंत्री की अतिरिक्त प्रधान सचिव श्रीमती आशिमा बराड़, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक श्री मुकेश कुमार आहुजा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोदी-मनोहर की नीतियों को घर-घर पहुंचाएं, फिर से होगी ऐतिहासिक जीतः नायब सैनी

**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी की मंगलवार को कुरूक्षेत्र जिला कार्यकारिणी की बैठक श्री अखंड गीता पीठ साश्वत सेवा ट्रस्ट में हुई। प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी की उपस्थिति और जिला अध्यक्ष रवि बतान की अध्यक्षता में हुई बैठक में दीवार लेखन, देव स्थलों की साफ सफाई, विकसित भारत संकल्प यात्रा, नमो एप समेत कई अहम संगठनात्मक मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। नायब सैनी ने कार्यकर्ताओं को बैठक में 2024 चुनाव को प्रचंड बहुमत से जीतने का मंत्र दिया। उन्होंने मोदी-मनोहर की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने और पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने की अपील कार्यकर्ताओं से की। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने जिले में चल रहे संगठनात्मक कार्यक्रमों की समीक्षा की और आगामी कार्यक्रमों को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

जिला कार्यकारिणी की बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करने की रणनीति बनाई गई है। बैठक में जिले के पदाधिकारियों से वर्तमान कार्यों का फीडबैक लिया है। श्री सैनी ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन होने वाले कार्यक्रमों पर भी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए और कहा कि लगभग 500 वर्षो के संघर्ष के बाद अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बना है। 22 जनवरी को राम लला मंदिर में विराजमान होंगे।



राम लला के विराजमान होने के समय देश और प्रदेश के सभी मंदिर भी साफ और स्वच्छ होने चाहिए, इसलिए सभी कार्यकर्ता देव स्थलों की साफ सफाई के अभियान में जुट जाएं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा पूरी तरह से तैयार है। आज की बैठक में कार्यकर्ताओं को नमो एप से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने का टॉस्क दिया गया है। इसके अलावा पार्टी दीवार लेखन का कार्य भी कर रही है। हर बूथ पर कम से कम पांच दीवारों पर पार्टी की उपलब्धियां लिखी जा रही है। श्री सैनी ने कहा कि कार्यकर्ताओं को दीवार लेखन के साथ-साथ लोगों को मोदी-मनोहर सरकार की उपलब्धियों बताने और पात्र लोगों को भाजपा सरकार की योजनाओं से जोड़ना है।

प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो गरीबों का हर तरह से ध्यान रखते हैं। मोदी की गारंटी के रथ गांव-गांव व शहर शहर जा रहे हैं और लोगों को सीधे योजनाओं से जोड़ रहे हैं। श्री सैनी ने कहा कि देश और प्रदेश में सबसे ज्यादा शासन कांग्रेस की सरकारों ने किया है, लेकिन गरीबों के हितों के बारे में कभी नहीं सोचा गया। मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने आयुष्मयान कार्ड देकर गरीबों को बीमारी में होने वाले खर्चे की चिंता से मुक्त किया है। नायब सैनी ने कहा कि कार्यकर्ता भाजपा की रीढ़ होता है। कार्यकर्ता के बल पर ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है और लगातार सफलता की ओर आगे बढ़ रही है। 'संगठनात्मक शक्ति और कल्याणकारी योजनाओं के दम पर एक बार फिर मोदी और मनोहर सरकार बनेगी।

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष रवि बत्तान, राज्य मंत्री संदीप सिंह, थानेसर विधायक सुभाष सुधा, पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार सैनी, पशुधन विकास बोर्ड के अध्यक्ष धर्मवीर मिर्जापुर, प्रदेश सचिव राहुल राणा, कुरुक्षेत्र जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, जिला महामंत्री जसविंदर सैनी, जिला महामंत्री हैप्पी वर्क, रविंद्र सागवान, हरपाल चीका, गुरदयाल सुनहेड़ी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भारत को विकसित देश बनाने में समाज के हर नागरिक को अपना योगदान देना होगा : जिला परिषद चेयरमैन

## गांव अकबरपुर में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवाकर उनकी जिंदगी को खुशहाल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा पिनगवां खंड के गांव अकबरपुर पहुंची। यात्रा के अंतर्गत गांव में आयोजन जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि जिला परिषद चेयरमैन जान मोहम्मद ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाकर ही विकसित भारत की नींव को मजबूत किया जाएगा। इसलिए समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद वरदान साबित होगी। इस यात्रा से केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्ति लाभ उठाकर आगे बढ़ सकेंगे।

जिला परिषद चेयरमैन जान मोहम्मद ने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने में समाज के हर नागरिक को अपना योगदान देना होगा। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओं का 100 फीसदी लाभ लोगों तक पहुंचा रही है। उन्होंने विभिन्न विभागों की तरफ से लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान दर्जनों लोगों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों से योजनाओं की जानकारी हासिल की और योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भी दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से समाज के अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की



योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार की योजनाओं से वंचित लोगों को भी लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की तरफ से भेजी गई एलईडी वैन जिले के हर गांव तथा वार्ड में पहुंचेगी, जिससे नागरिकों को योजनाओं की जानकारी मिलेगी और उनकी समस्याओं का समाधान भी हो सकेगा।

# स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन बनायें सिंगल यूज प्लास्टिक रखने वाले दुकानदारों के चालान किये जायें

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला नूंह को स्वच्छ तथा सुन्दर बनाने के लिए स्वच्छता अभियान के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स स्वच्छ भारत मिशन के सरकारी एवं गैर सरकारी सदस्यों की बैठक डीएमसी एवं अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सोगन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में स्वच्छता भारत मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक रखने वाले दुकानदारों के चालान बीडीपीओ तथा ईओ आदि सम्बंधित अधिकारियों द्वारा किए जाएं तथा अगली बैठक में चालान की रिपोर्ट साथ लायें, ग्राम पंचायत द्वारा घर-घर से कूड़ा संग्रह करने या उठाने की व्यवस्था की जाये, ठोस कचरा शैडो का सामुहिक सहयोग से सदुपयोग किया जाये। तरल कचरा प्रबंधन द्वारा गांवों के गंदे पानी एवं नालियों में गंदगी से निजात मिल




सके। उन्होंने कहा कि अब स्वच्छ भारत मिशन द्वारा अधिक से अधिक ओडीएफ प्लस माडल गांव बनाने के ठोस एवं ग्रे वाटर मैनेजमेंट के कार्यों में कार्यकारी अभियंता प्रगति लायें। ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी भी है जिसमें सभी का सहयोग जरूरी है।

इस हेतु अधिक से अधिक लोगों को जोडने. का कार्य करें, ताकि यह मिशन जन आंदोलन बन सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, हरियाणा मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में इस मिशन को काफी मजबूती मिली है। इस बैठक में सीईओ प्रदीप अहलावत, कार्यकारी अभियंता पंचायती राज विभाग योगेश शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत सिंह, कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग प्रदीप, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी फिरोजपुर झिरका व नगीना करतार सिंह, गोविन्द राम प्रजापति जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) डीआरडीए जिला परिषद नूंह, अनीश मदान, हुकमचंद असिस्टेंट जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय आदि ने भाग लिया।

# समृद्ध भारत की उन्नति के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेषण में रचनात्मकता को बढ़ावा देने की जरूरत : धीरेंद्र खडग़टा

## सरकारी स्कूलों के 35 बच्चों सहित 05 शिक्षक शामिल होगें - परमजीत चहल




**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** फरीदाबाद में होने वाले पांच दिवसीय भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव के लिए जिले से सरकारी स्कूलों के 35 विद्यार्थी और 05 शिक्षकों को उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा और जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने हरी झंडी दिखाकर लघु सचिवालय से रवाना किया। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया की भारत का मेगा विज्ञान मेला फ़रीदाबाद में ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (टीएचएसटीआई) और जैव प्रौद्योगिकी विभाग के क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (आरसीबी) के परिसर में आयोजित किया जाएगा। यह विज्ञान गांव मेला का 9वां संस्करण पांच दिन तक 17 से 20 जनवरी, 2024 तक चलेगा। आईआईएसएफ समृद्ध भारत की उन्नति के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेषण में रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से विज्ञान भारती के सहयोग से आरंभ किया गया था। वहीं जिला विज्ञान विशेषज्ञ रामकिशन आर्य ने बताया आईआईएसएफ 2023 में प्रतिभागियों और आम जनता को विभिन्न लाभ प्रदान करने वाली वैज्ञानिक उपलबधियों को प्रदर्शित करने के लिए कुल 17 विषय-वस्तु हैं। विभिन्न कार्यकलापों जैसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा संगोष्ठी, वक्ताओं के साथ परस्पर बातचीत, प्रदर्शनियों, प्रतियोगिताओं, कार्यशालाओं, ज्ञान-साझाकरण गतिविधियों, प्रौद्योगिकी शो आदि के माध्यम से सभी हितधारकों के बीच संयोजन रखता है। इस दौरान शिक्षक दल में अजीत सिंह, नवीन कुमार, उमर मौहम्मद, शरद शोभ्यागयम, नरेश कुमार सहित विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागी बच्चें मौजुद रहे।

# पुलिस महानिरीक्षक, दक्षिण मंडल, रेवाडी की अध्यक्षता में जिला नूंह में बरामद मादक पदार्थों का किया गया निष्पादन



**17 मादक पदार्थ की मदो में बरामद करीब 148 किलो ग्राम मादक पदार्थो का हुआ निष्पादन**

**थाना रोजकामेव में दर्ज अभियोग संख्या 122 /2023 में बरामद 97 किलोग्राम गांजा की सबसे बडी मद**

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** राजेंद्र कुमार भा0पु0से0 पुलिस महानिरीक्षक, दक्षिण मंडल रेवाडी की अध्यक्षता एवं नरेंद्र बिजारणिया पुलिस अधीक्षक नूंह, वीरेंद्र सिंह उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नूंह कमेटी मेम्बरों की मौजूदगी में जिला नूंह में वर्ष 2022 से वर्ष 2023 में बरामद कुल 17 मदों से संबनधित मादक पदार्थों का सेक्टर 37, गुरुग्राम में स्थित बायोटिक वेस्ट लिमिटेड कंपनी में निष्पादन किया गया । यह निष्पादन कार्य पुलिस महानिदेशक, हरियाणा की अनुमति मिलने उपरांत किया गया है ।

गौरतलब है कि इन मदों में से वर्ष 2023 थाना रोजकामेव में दर्ज एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत अभियोग संख्या 122/2023 में बरामद 97 किलोग्राम गांजा की सबसे बडी मद है ।

निष्पादन की गई 17 मदों में कुल करीब 148 किलोग्राम मादक पदार्थ था । निष्पादन के समय राजेंद्र कुमार पुलिस महानिरीक्षक दक्षिण मंडल रेवाडी ने अपनी मौजूदगी में ईलेक्ट्रोनिक कांटा से मदों का वजन चैक कराया व वजन सही होने उपरांत निष्पादन कार्य अपनी निगरानी में कराया । इस दौरान उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नूंह वीरेंद्र सिंह, निरीक्षक भारत भूषण, उप-निरीक्षक संदीप सिंह,उप-निरीक्षक अनिल कुमार, उप-निरीक्षक कृष्णलाल जिला मालखाना मोहर्र नूंह, करणपाल सहायक जिला मालखाना नूंह व अन्य कर्मचारीगण भी हाजिर रहे ।

# एससी कर्मचारियों के प्रमोशन में 20 फीसदी आरक्षण देना सराहनीय जेजेपी महेंद्र खन्ना

**अनुसूचित वर्ग के उत्थान के लिए तत्पर हैं डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला: नासिर हुसैन**



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जननायक जनता पार्टी के एससी प्रकोष्ठ के नूहँ ज़ोन प्रभारी महेंद्र खन्ना हरफूल मैनेजर की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय पर बैठक में ने हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी नौकरियों में ग्रुप ए और बी के पदों पर अनुसूचित जाति के कर्मचारियों, अधिकारियों को प्रमोशन में 20 फीसदी आरक्षण देने के जैसे फैसले लिए है और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है। मंगलवार को नूहँ ज़िला कार्यालय में जेजेपी एससी सेल के संगठन सचिव नूहँ ज़ोन प्रभारी हरफूल मैनेजर ने कहा कि राज्य सरकार के इस फैसले से प्रदेश में अनुसूचित जाति के कर्मचारियों को बेहद लाभ मिलेगा।उन्होंने कहा कि जिस तरह से जननायक चौधरी देवीलाल ने हरिजन चौपालों का निर्माण करवाकर सबको बराबरी का सम्मान देने का कार्य किया था, उसी तरह आज प्रदेश के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला अनुसूचित वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने कहा कि एससी समाज से जुड़े कर्मचारियों के उत्थान के लिए उठाए गए इस कदम के लिए वे दुष्यंत चौटाला का आभार व्यक्त करते है। उन्होंने कहा कि 20 प्रतिशत आरक्षण मिलने से एससी परिवारों से जुड़े सरकारी कर्मचारी महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचकर प्रदेश के विकास में अपना अहम रोल अदा करेंगे।

महेंद्र खन्ना ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो माननीय डॉक्टर अजय सिंह चौटाला व हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला ने आदेशानुसार अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ को मज़बूत करने के लिए आज नूहँ ज़िला में बैठक का आयोजन किया गया

ज़िला प्रवक्ता नासिर हुसैन अड़बर विशेष रूप से उपसथित रहे जिन्होंने पार्टी संगठन को मज़बूती हेतु हर तरह का आश्वासन दिया

ज़िला अध्यक्ष रामप्रशाद ने कहा जेजेपी सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने विधायक नैना चौटाला ने वंचित वर्गों के हित में आवाज बुलंद की थी। विधायक नैना चौटाला द्वारा गरीब परिवार की बेटियों के हित में विवाह शगुन योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि 51 हजार से बढ़ाकर दो लाख रुपए करने की मांग को को जायज बताया।महेंद्र खन्ना ने कहा कि आज की महंगाई को देखते हुए राज्य सरकार को सहायता राशि बढ़ानी चाहिए ताकि गरीब परिवारों को अपनी बेटियों की शादी करने में पूरी मदद मिल सके। इसी तरह सरकार द्वारा वंचित वर्ग के हित में डॉ. भीमराव अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के अंतर्गत दी जाने वाली 80 हजार रूपए की आर्थिक सहायता को भी कम से कम सवा लाख रूपए किया जाना चाहिए।

इस मौक़े पर ऐसी सेल के तीनों हल्का अध्यक्ष ,राहुल सरपंच हल्का अध्यक्ष बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ नूहँ ,आफ़ताब अहमद ,आज़ाद भूदर ,उमर मोहम्मद ,महेश कुमार ,राकेश बडलाकी ,हरिराम आलदौका ,श्याम सुंदर ,मुकेश फ़िरोज़पुर झिरका आदि कार्यकर्ता मौजूद थे रहे।

# दिगविजय चौटाला करेंगे मेवात का तीन दिवसीय दौरा: जान मोहम्मद

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिगविजय सिंह चौटाला के जनसंपर्क कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए बैठक का आयोजन बड़कली चौक पर किया गया। जजपा जिलाध्यक्ष हाजी जान मोहम्मद के आवास पर हुई बैठक की अध्यक्षता चौधरी बदरुद्दीन अड़बर ने की। इस दौरान पूर्व मंत्री चौधरी आजाद मोहम्मद, नूंह नगर परिषद के अध्यक्ष संजय मनोचा, जजपा जिलाध्यक्ष हाजी जान मोहम्मद, प्रदेश उपाध्यक्ष नासिर हुसैन, नूंह हल्का प्रधान आस मोहम्मद, पुन्हाना हल्का प्रधान सिराजुद्दीन, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष वसीम अहमद समेत दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहे। जननायक जनता पार्टी नूंह के जिलाध्यक्ष जान मोहम्मद ने बताया कि 19 से 21 जनवरी तक तीन दिवसीय दौरा प्रधान महासचिव दिगविजय सिंह चौटाला का नूंह-मेवात में होना है। प्रत्येक विधानसभा में 6 कार्यक्रम रखे गए हैं। पहला जनसंपर्क



कार्यक्रम 19 जनवरी को अलीपुर तिगरा मोड पर होगा जिसमें दर्जनों गांवों के हजारों लोग शामिल होंगे। इसके बाद पटपड़ बास में युवा संवाद होगा। दोपहर में बड़कली चौक जनसभा को संबोधित करेंगे और इसके बाद नगीना क्षेत्र के गांवों में रात तक कार्यक्रम होंगे। इसी प्रकार 20 जनवरी को पुन्हाना तथा 21 जनवरी को नूंह विधानसभा के गांवों में जनसंपर्क अभियान में 6-6 कार्यक्रम होंगे।

बैठक में विचार रखते हुए पूर्व मंत्री आजाद मोहम्मद, वरिष्ठ जजपा नेता बदरुद्दीन, नगर परिषद अध्यक्ष संजय मनोचा ने कार्यक्रमों को लेकर सुझाव दिए। इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहम्मद आरिफ, प्रदेश उपाध्यक्ष मुनफेद खान, प्रदेश सचिव मोहम्मद नसीम, पंचायत राज के हल्का प्रधान शाहिद सलमान, किसान सेल के जिलाध्यक्ष अब्दुल हमीद पापड़ा, अल्पसंख्यक मोर्चा के हल्का प्रधान तालीम हुसैन, जमशेदपुर सरपंच, ईसब सरपंच, हामिद सरपंच, जमशेद सरपंच तिरवाड़ा, पूर्व चेयरमैन खुर्शीद, उपाध्यक्ष मौलवी फारूक, हल्का प्रधान अल्पसंख्यक मोर्चा कासिद, ओसामा जिहान, प्रचार सचिव सैफ अली खान समेत काफी संख्या में जजपा प्रकोष्ठों के विभिन्न पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शानदार रहा जिला स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन : जिला शिक्षा अधिकारी

**आप भविष्य में भी राष्ट्र सेवा इसी तरह करते रहें- परमजीत चहल**

**जिला स्तर पर इतना शानदार आयोजन देख रहा हूं पहली बार-विष्णु गौड़**

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** आज जिला स्तरीय सात दिवसीय आवासीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के समापन अवसर पर वॉलिंटियर्स और कार्यक्रम अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना वह मिशन है जो युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता है साथ ही उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है उन्होंने कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूरा भरोसा है कि आप भविष्य में भी राष्ट्र और समाज सेवा के कार्य इसी तरह से करते रहेंगे जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वॉलिंटियर्स अंशिका रेनू वर्षा काजल सलातून शहंशाह अदिति, हुमैरा,नाज़िया, राइसमा, ज्योति, प्रवीण और शानदार आर्टिस्ट अबरार सहित दर्जनों वॉलिंटियर्स को को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर पधारे जिला पलवल के भारत एवं स्काउट्स एंड गाइड के सेक्रेटरी प्राध्यापक विष्णु गौड़ ने कहा कि जिला स्तर पर किसी शिविर का इतना शानदार आयोजन में पहली बार देख रहा हूं उन्होंने कहा कि मैं आज बहुत व्यस्त था लेकिन मेरे साथी अशरफ मेवाती के अनुरोध को




ठुकराना मेरी वश की बात नहीं थी और मुझे आज आपके बीच में उपस्थित होकर अत्यंत खुशी महसूस हो रही है कैराका गांव के निवासी एवं राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरोली में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत मोहम्मद अरशद ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत भाषण दिया स्वागत गान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैराका के छात्र वॉलिंटियर्स ने प्रस्तुत किया हरियाणवी नृत्य में काजल छपैडा, फिरोजपुर झिरका कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति दीराजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छपैड़ा की विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष किशन सिंह ने कहा कि हमें अफसोस है कि यह आयोजन हमारे विद्यालय में नहीं हुआ यदि हमें पहले पता होता कि यह इतना शानदार शिविर है तो हम इसे हर हाल में अपने विद्यालय में आयोजित करवाते यदि भविष्य में मौका मिला तो हम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छपैड़ा में इस तरह के शिविरों को आयोजित करवाने की गुजारिश करेंगे जिला शिक्षा अधिकारी के पधारने पर जिला राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक अशरफ मेवाती ने गुलदस्ता,स्कार्फ एवं पगड़ी भेंट कर उनका सम्मान कियाकैराका गांव के सरपंच जावेद ने कहा कि मुझे भी नहीं पता था कि यह इतना बड़ा कार्यक्रम है और यह इतनी शानदार ढंग से संपन्न होगा जिसमें मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ सहित विभिन्न महान हस्तियों ने अपने व्याख्यान एनएसएस वॉलिंटियर्स को दिए प्रधानाचार्य जय प्रकाश शर्मा ने सभी आगंतुकों का यहां पधारने पर धन्यवाद किया।

## मीडिया वेल बिंग एसोसिएशन कोर कमेटी ने सलाहकार बोर्ड के पुनः गठन का लिया बड़ा फैसला

# संयोजक पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अति वरिष्ठतम पत्रकार सोहनपाल रावत को

### प्रमोद कौशिक, कैलाश गोयल, नवीन मल्होत्रा, सलाहकार बोर्ड के सदस्य बने

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** मीडिया वेल बीइंग एसोसिएशन कोर कमेटी की अति महत्वपूर्ण बैठक में संस्था के सलाहकार बोर्ड का पुन: गठन का बड़ा फैसला लिया गया। बोर्ड के संरक्षण की जिम्मेदारी बेहद वरिष्ठ और अनुभवी पत्रकार सोहन पाल रावत को सौंपी गई। दरअसल संस्था के कार्यशेली पत्रकारों के प्रति पूर्णत: समर्पित और उनके हितों के पक्ष में रही है, जिसके लिए कई बड़े फैसले संस्था ने अपने स्तर पर भी लिए हैं और सरकार से भी पत्रकारों को उनके अधिकार दिलवाने में संस्था एक बडी सहयोगी के रूप में नजर आती रही है। आगामी समय में ओर किन-किन विषयों को लेकर सरकार से मांग की जा सकती हैं तथा संस्था अपने स्तर पर किस प्रकार के लाभकारी कार्य और फैसले पत्रकारों के हितों में ले सकती है, इसके लिए सलाहकार बोर्ड अपना परामर्श संस्था को देगा। इससे पहले भी बोर्ड में बेहद वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे हैं, लेकिन कुछ साथियों को अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दिए जाने के बाद तथा कुछ अन्य साथियों की इस बोर्ड में उपसथिति को संस्था अवश्य मान रही थी, जिसे लेकर यह एक बड़ा फैसला कोर कमेटी ने लिया है।

**प्रदेश के चुनिंदा अनुभवी पत्रकारों को बनाया गया बोर्ड का सदस्य**

मीडिया वेलबिंग एसोसिएशन के सलाहकार बोर्ड में प्रदेश के विभिन्न जिलों से अतिवरिष्टम पत्रकारों को सदस्य के रूप में लिया गया है। इसमें बेहद अनुभवी पत्रकार तथा राजनीतिक रूप से बेहद सूझबूझ रखने वाले चंडीगढ़ से कृष्ण भारद्वाज, पानीपत से अमरीश, हिसार से देवेंद्र उप्पल, कैथल से नवीन मल्होत्रा, पानीपत से सतीश भारद्वाज, यमुनानगर से अश्वनी दत्ता, सोनीपत से जगदीश त्यागी, कुरुक्षेत्र से प्रमोद कौशिक, लाडवा से कैलाश, करनाल से आरआर शैली तथा नीलोखेड़ी से शिवनाथ कपूर को इसमें सदस्य बनाया गया है। यह बोर्ड समय-समय पर अपने विचार संस्था के सामने रखना रहेगा। पत्रकारों को किस प्रकार से आर्थिक- सामाजिक और कानूनी संरक्षण प्राप्त करवाया जाए, इसके लिए आपसी विचार विमर्श कर संस्था तथा पत्रकारों के उत्थान को लेकर अपने विचार संस्था के सामने रखेगा।

**बोर्ड के नवनियुक्त संरक्षक रावत ने संस्था अध्यक्ष और महासचिव का जताया आभार**



बता दें कि संयोजक के रूप में नियुक्त किए गए सोहन पाल रावत लंबे समय से पत्रकारिता फील्ड में है तथा इन्होंने कभी पत्रकारिता में किसी भी प्रकार के समझौते को तवज्जो नहीं दी। अपनी नुकीली कलम से उत्तम कार्यशेली इनकी जग जाहिर है। समय-समय पर अतीत में वह तत्कालीन सरकारों की कमियों और कारगुजारियों को भी वह उजागर करते रहे हैं। समाज को सुगन्धित करने वाले सोहन पाल रावत का अधिकतर समय कुरुक्षेत्र की पत्रकारिता को समर्पित है। फिलहाल वह नवभारत टाइम्स में उत्तर भारत के इंचार्ज पद पर हैं। उन्होंने इस बेहद महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने पर संस्था के अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी तथा महासचिव सुरेंद्र मेहता का धन्यवाद करते हुए वायदा किया कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ उन्हें इस बड़ी जिम्मेदारी के साथ नवाजा गया है वह इसे बखूबी - बेहतरीन और आत्मविश्वास के साथ निभाएंगे।

**सलाहकार बोर्ड के परामर्श पर अब तक पत्रकारों के हितों में कई शानदार पहल कर चुकी है एमडबल्यूबी**

बता दें कि हाल ही में हरियाणा सरकार द्वारा पत्रकारों के हितों में लिए गए प्रमुख फैसलों में मीडिया वेलबिंग एसोसिएशन का मुख्य रोल रहा है। समय-समय पर मीडिया से जुड़े सरकारी प्रतिनिधियों -मंत्रियों तथा स्वयं मुख्यमंत्री से मिलकर भी पत्रकारों के हितों में संस्था द्वारा मौखिक मांग की जाती रही है तथा ज्ञापन भी सौंपे जाते रहे हैं। संस्था अपने विभिन्न कार्यक्रमों में आने वाले मुख्य अतिथियों से भी सार्वजनिक मंच पर पत्रकारों के कल्याण को लेकर डिमांड करती रही है। हाल ही में पत्रकारों के लिए पेंशन बढ़ोतरी के सरकार के फैसले में मीडिया वेलबिंग एसोसिएशन की भूमिका बेहद मुख्य रही है। संस्था अपने स्तर पर जहां किसी मुसीबत - परेशानी या स्वास्थ्य संबंधित परेशानी के मामलों में पत्रकारों की मदद करती रही है, वहीं सरकारी स्तर पर भी पत्रकारों को संस्था द्वारा दिलवाए जाने वाली आर्थिक मदद बेहद सराहनीय कार्य रहा है। मीडिया वेल बिंग एसोसिएशन देश की एकमात्र पत्रकारों से जुड़ी ऐसी संस्था है जो अपने सभी सदस्य साथियों के निशुल्क एक्सीडेंटल मृत्यु बीमा 10-10 लाख रुपए के करवाती है जो कि एक बार केवल नहीं बल्कि हर बार उन्हें जारी भी रखती है। इस संस्था ने सम्मानित पत्रकारों को चार अवार्ड दिए जाने की बेहतरीन परंपरा की भी पहल की है। जोकि लाला जगत नारायण अवार्ड -पत्रकारिता रत्न अवार्ड- पत्रकारिता अलंकार अवार्ड तथा दिवंगत रमेश चंद्र स्मृति अवार्ड हैं। जिनके साथ संस्था अपने निजी कोष से कुछ नगद राशि भी सहयोग के रूप में संस्था देती है। इस प्रकार के हौसला वर्धन कार्य संस्था सलाहकार बोर्ड के परामर्श पर करती रही है, इसी कारण ही आज संस्था उत्तर भारत के पत्रकारों के हितों में कार्य करने वाली सबसे बेहतरीन संस्था साबित हुई है।

**एम डब्ल्यू बी द्वारा प्रवीण अत्रे का अभिनन्दन**

मीडिया वैलबींग एसोसिएशन उत्तर भारत के अध्यक्ष चंद्रशेखर धरनी, उत्तर भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निश्चल भटनागर व हरियाणा के संयुक्त सचिव पवन चोपड़ा ने हरियाणा सरकार में मीडिया सचिव के पद पर तैनात प्रवीण अत्रे को हरियाणा सचिवालय चंडीगढ़ मे स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट कर सम्मानित किया! उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों संगठन की ओर से फरीदाबाद में 201 पत्रकारों को 10-10 लाख का निशुल्क बीमा कई पत्रकार साथियों को आर्थिक मदद के लिए कार्यक्रम रखा गया था जिसमें प्रवीण अत्रे अस्वस्थ होने के कारण पहुंच नहीं पाए थे! प्रवीण अत्रे ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्वम मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्यमंत्री निवास चंडीगढ़ संत कबीर कुटीर पर इस संगठन को लेकर कह चुके हैं कि जैसा नाम वैसा काम ऐसे इस संगठन के लिए इससे बेहतरीन शब्द इस संगठन की कार्य प्रणाली को लेकर और क्या हो सकते है। उन्होंने कहा कि एम डब्लयु बी संस्था द्वारा पत्रकार हित में किया जा रहे कार्य बहुत ही अनुकरणीय और सराहनीय हैं जो कि जहां पत्रकारों के हित की समय-समय पर आवाज उठा रही है वहीं आर्थिक तौर पर कमजोर में असहाय पत्रकारों की मदद करने में भी पीछे नहीं है उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश के इतिहास में मुख्यमंत्री मनोहर लाल पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने पत्रकार हितों के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं जिससे पत्रकार जगत में खुशी का माहौल है और उनकी वर्षो से लंबित पड़ी मांगों को भी पूरा किया गया है।

प्रवीण अत्रे ने कहा कि भविष्य में भी मनोहर सरकार पत्रकारों के साथ हर समय कदम से कदम मिलाकर खड़ी है! अत्रे ने कहा कि पत्रकारों की सामाजिक,पारिवारिक सुरक्षा के लिए मीडिया वेलबिंग संस्था अतुलनीय कार्य कर रही है।

वही संगठन के अध्यक्ष चंद्रशेखर धरनी ने बताया कि संस्था द्वारा हाल ही में भयंकर रोग से पीड़ित अंबाला के पत्रकार अनिल कुमार को 1 लाख रु की सहायता राशि दे चुकी है उन्होंने बताया कि अनिल कुमार का किडनी ट्रांसप्लांट होना है इसको लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल से भी संस्था द्वारा गुहार लगाई गई है जहां से भी उन्हें जल्द ही मदद मिलने की उम्मीद है वहीं संस्था द्वारा रेवाड़ी नूह के पत्रकारों को भी आर्थिक सहायता दी गई है।अभी तक संस्था पूरे हरियाणा के अंदर 8 लाख से अधिक राशि जरूरत मन्द पत्रकारों में बांट चुकी है। उन्होंने बताया कि एम डब्लयू बी देश का एकमात्र इकलौता पत्रकार संगठन है जो की बिना किसी शुल्क के पत्रकार साथियों का पंजीकरण और निशुल्क बीमा दे रहा है उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा की समय-समय पर पत्रकारों के हकों की आवाज को उठाकर पत्रकार साथियों को उचित सम्मान और उनकी समस्याओं को दूर किया जा सके।

# ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने समझौते को लागू कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** सरकार की वायदाखिलाफी से नाराज़ तथा 29 अक्तूबर 2023 को सरकार के अतिरिक्त मुख्यसचिव अनिल मलिक की अध्यक्षता में यूनियन के साथ हुए समझौते को लागू कराने की मांग को लेकर आज ज़िले के ग्रामीण सफ़ाई कर्मचारियों ने उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार पलवल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। चन्द्रवीर द्वारा संचालित कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िला प्रधान देवीराम ने की। प्रदर्शन में सर्वसम्मति से फैसला किया गया कि अगर सरकार ने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मानी गई मांगों को जल्द लागू नहीं किया तो निर्णायक आंदोलन किया जाएगा।

ग्रामीण सफाई कर्मियों को सम्बोधित करते हुए सीआईटीयू के नेता रमेशचन्द व यूनियन नेता चन्दरवीर तथा चंदीराम चंदेलिया ने कहा कि प्रदेश के लगभग 11 हाजर ग्रामीण सफाई कर्मचारीयों की 52 दिन चली हड़ताल के बाद 29 अक्तूबर 2023 को अतिरिक्त मुख्यसचिव अनिल मलिक की अध्यक्षता में यूनियन के साथ संपन्न बैठक में कई मांगों पर सहमति बनी थी लेकिन आज तक उस समझौते में मानी गई माँगों को लागू नहीं किया गया है ।उससे पहले भी सरकार के पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली के साथ भी यूनियन की कई दौर की बैठकों के बाद मानी गई मांगों को भी सरकार ने आज तक लागू नहीं किया है। यूनियन नेताओं ने कहा कि एक तरफ़ सरकार दलित उत्थान का ढिंढोरा पीटती है तो दूसरी तरफ़ अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे दलितों की मानी गई मांगों को भी सरकार लागू नहीं कर रही है। भाजपा ने चुनाव से पहले ग्रामीण सफ़ाई कर्मचारियों को पक्का करने का वायदा किया था लेकिन पक्का करना तो दूर बढ़ रही महंगाई के हिसाब से गुज़ारे लायक़ वेतन भी नहीं दे रही है। ग्रामीण सफ़ाई कर्मचारियों के वेतन से कटौती की गई राशि तथा सरकार के खाते से वसूली गई राशि को भी कर्मचारी के ईपीएफ खाते में जमा नहीं कराकर भारी घोटाला किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सफ़ाई के लिए ज़रूरी औज़ार भी कर्मचारियों को मुहैया नहीं कराए जा रहे। सरकार झूठे वायदे करके दलित समुदाय के वोट तो ले लेती है लेकिन उनकी दयनीय हालत को सुधारने के लिए कोई कदम नहीं उठाती, सफाई




कर्मियों के पांव धोने का भी नाटक किया जाता है लेकिन नौकरी स्थाई करने के लिए नीति नहीं बनाई जा रही है। यूनियन नेताओं ने कहा कि सरकार ग्रामीण सफ़ाई कर्मचारियों की मांगो और समस्याओं का समाधान करे अन्यथा हरियाणा के 11 हजार ग्रामीण सफाई कर्मचारी अपनी माँगों को लेकर आंदोलन को जारी रखेंगे। धरने में यूनियन नेता सतपाल, जितेंद्र चौहान, नरेश राजपूत, अर्जुन, प्रेमचंद, रामफूल, मोहन, दयाराम व नानकचंद ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

**मुख्य मांगें :**

29 अक्तूबर को अतिरिक्त मुख्यसचिव अनिल मलिक द्वारा मानी गई मांगों को लागू किया जाए। विधान सभा मे पॉलिसी बनाकर सफाई कर्मियों को पक्का किया जाए। सभी ग्रामीण सफाई कर्मियों को बीडीपीओ के पे-रोल पर लिया जाए। हरियाणा रोजगार कौशल निगम को भंग किया जाए और सफाई कर्मियों को पक्का किया जाए। सभी सफाई कर्मियों के लिए 26000 रुपये मासिक न्यूनतम वेतन लागू किया जाए। 2000 की बजाए 400 की आबादी पर एक कर्मचारी की स्थाई नियुक्ति करते हुए सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाई जाए। डोर टू डोर के कर्मचारियों को ग्रामीण सफाई कर्मियों के बराबर वेतन व वर्दी भत्ता दिया जाए और पीएफ ईएसआई में कवि किया जाए। 500 रुपये मासिक काम के औजारों का भत्ता तय किया जाए। 500 रुपये मासिक वर्दी धुलाई भत्ता लागू किया जाए। एक्सग्रेसिया नीति के तहत परिवार के सदस्य को काम पर रखा जाए तथा मुख्यमंत्री कि घोषणा अनुसार 4 अप्रैल 2021 के बाद जिन कर्मियों की मृत्यु हो चुकी उन सभी कर्मियों को मुआवजा राशि का भुगतान किया जाए। दिवाली पर बोनस और कर्मचारियों के बच्चों की पढ़ाई के लिए शिक्षा भत्ता लागू किया जाए। सौ-सौ गज के प्लाट और मकान बनाने के लिए अनुदान दिया जाए। बेगार से बचाने के लिए काम की देखरेख के लिए सफाई कर्मियों में से पढ़े लिखे लोगों को सुपरवाइज लगाया जाए।

# आईटीआई में लगा मोटिवेशनल एवं स्वरोजगार कैंप

### विभागों के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को योजनाओं से करवाया अवगत, स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित



**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार हरियाणा राज्य की सभी आईटीआई में रोजगार देने के साथ-साथ स्वरोजगार अपनाने के लिए भी कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार 16 जनवरी को आईटीआई में भी एक मोटिवेशनल व स्वरोजगार कैंप का आयोजन किया गया। इस स्वरोजगार मेले में लीड बैंक, एमएसएमई, डीआईसी, जिला रोजगार कार्यालय, सूचना जनसंपर्क विभाग आदि के अधिकारियों ने भाग लिया।

कैंप में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ओमप्रकाश ने सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कीमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्योग लगाने के लिए भी प्रेरित किया और बैंकों द्वारा दिए जा रहे ऋण व सबसिडी बारे में भी जानकारी दी।

एमएसएमई से आए जितेंद्र व राजबीर ने भी विद्यार्थियों को अपने-अपने विभाग की ओर से क्रियान्वित जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक किया। आईटीआई के प्लेसमेंट अधिकारी उदय सिंह ने बताया कि इस स्वरोजगार कैंप में पलवल आईटीआई से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को भी बुलाया गया, ताकि वे भी अपना स्वरोजगार व लघु उद्योग लगा सकें। उल्लेखनीय है कि आईटीआई पलवल में शिक्षुता व प्लेसमेंट सेल के साथ-साथ स्वरोजगार सेल भी स्थापित की गई है, जिसके तहत विद्यार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जाता है।

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने दिए निर्देश



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हाल में जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों को सफलतापूर्वक समारोह के आयोजन की जिम्मेदारियां तय की गई।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस समारोह में देशभक्ति से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए स्कूली व कालेज के विद्यार्थियों की अच्छी प्रकार से तैयारी करवाई जाए। अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सोगन अपनी निगरानी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी सुनिश्चित करें। इसी प्रकार मार्च पास्ट की तैयारी के लिए पुलिस विभाग, होम गार्ड, एनसीसी व स्कूली बच्चों की प्रजातंत्र के प्रहरी की टुकड़ियों की तैयारी भी अच्छी प्रकार से करवाई जाए। यह कार्यक्रम स्थानीय वाईएमडी कालेज के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा तथा समारोह की फुल ड्रेस अंतिम रिहर्सल भी 24 जनवरी को इसी मैदान पर होगी। रिहर्सल के समय भी एंबुलेंस व डाक्टर तथा बच्चों के लिए पेयजल की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी से पहले शहर की साफ-सफाई करवाई जाए। शहीद स्मारक के आसपास भी सफाई व्यवस्था दुरूस्त की जाए। समारोह में बिजली व्यवस्था भी सुचारू रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों से संबंधित झांकियां भी निकाली जाएंगी, इसलिए संबंधित विभाग सरकार की योजनाओं की जानकारी से संबंधित मनमोहक झांकियां तैयार करवाएं। इसके लिए अभी से एक प्लान बना ली जाए।

यह झांकियां कार्यक्रम स्थल पर समय से पहले पहुंचनी चाहिएं। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई का कार्य शुरू करवा दें। लोक निर्माण विभाग सड़कों की मरम्मत का काम शुरू करें। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व है। ऐसे में विभाग से संबंधित ड्यूटी को पूरे उत्साह के साथ करें।

इसमें किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया, अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सोगन, एसडीएम नूंह अश्वनी कुमार, सीईओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत, नगराधीश गजेंद्र सिंह के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## विकसित भारत संकल्प-यात्रा के तहत नूंह विधानसभा के गाँव रायपुरी में हुआ संवाद कार्यक्रम

# मोदी जी की गारंटी वैन से आम जन का विकास हो रहा है : चौधरी जाकिर हुसैन



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** मंगलवार को नूंह विधानसभा के गाँव रायपुरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता नूँह के एस डी एम अशविनी कुमार ने की।

गाँव में पहुंचने पर चौधरी ज़ाकिर हुसैन का ग्रामवासियों ने फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्यों व गाँववासियों को विकसित भारत बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ दिलाई तथा संकल्प यात्रा में लगी सभी विभागों की स्टालों का अवलोकन किया। ज़ाकिर हुसैन ने ड्रॉन को चलाया तथा ड्रॉन द्वारा किस तरह से फसलों के लिए उपयोगी है, लाभदायक इस बारे में विस्तृत जानकारी ली। चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने ग्रमावासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में एक ही गारंटी चल रही है वो है मोदी जी की गारंटी। मोदी जी ने देश के लोगो से वादा किया था कि किसी को भूखा नहीं सोने दिया जाएगा, आम जन की जरूरतों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने पिछले 9 वर्षों में अपने वायदों को पूरा करते हुए हर आम जन का ख्याल रखा है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश ने तरक्की व विकास की नई ऊंचाईयों को छुआ है तथा देश लगातार तेजी से तरक्की कर रहा है। मोदी की गारंटी वाली वैन से देश व प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। भारत बहुत जल्द नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित देशों की सूची में आने वाला है।

चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीब, बेसहारा व जरूरतमंद लोगों की फिक्र हमेशा अपने साथ रखते हैं। उनके विकास व तरक्की के लिए उन्होंने बहुत सी लाभकारी योजनाएँ चलाई हैं। उन्हीं योजनाओं को घर-घर व आम जन तक पंहुचाने के लिए उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई है। इस योजना से हर आम जन को फायदा पंहुचेगा। क्योंकि सरकार हर द्वार तक पंहुचकर लोगों को लाभकारी योजनाएँ देने का काम कर रही है।

यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी विकास व रोजगार के मामले में प्रदेश को नए शिखर पर पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जितना विकास भारतीय जनता पार्टी ने पिछले 9 वर्षों में किया है कांग्रेस व अन्य सरकारे 70 वर्षों में भी नहीं करा पाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने उज्जवला योजना से वंचित गाँव की महिलाओं को गैस सिलेंडर के कनेक्शन भी मौके पर ही दिए गए तथा ग्रामवासियों को लाल डोरे की रजिस्ट्रियों को भी सौंपा। सरकार द्वारा लोगों की घर बैठे रजिस्ट्रियों को भी खुद ब खुद दर्ज करा दिया गया है। लोगों को कहीं पर भटकना नहीं पड़ा है। इससे लोगों में भारी खुशी देखी गई।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच तारिफ हुसैन, ग्राम सचिव तौफीक खान, डॉश अख्तर हुसैन पूर्व सरपंच, साहून पूर्व सरपंच, आफताब सरपंच बाबूपुर, हाजी शहीद, इजहार सरपंच बाबूपुर, नियाज मौ. पप्पू, रफीक हथोड़ी प्रधान खेड़ला, इकबाल नंबरदार, जिशान खान पूर्व सरपंच, अफ़सर खान पूर्व सरपंच बाबूपुर, हाजी निसार, कासिम बिलाल, तौफीक खान, आबिद हुसैन, ताजू, प्रेम कुमार, रुकमुद्दीन उर्फ रुक्कु बाबूपुर, अमजद हबेलिया बाबूपुर, डॉ अनीश बाबूपुर, इकराम हबेलिया बाबूपुर, हाजी शौकत, इसराईल खेड़ला, आमिर जिला महामंत्री, कैफ चौधरी आदि के अलावा सैंकडों ग्रामवासी व महिलाएँ मौजूद रहीं।

सिटी 24 न्यूज
सिटी 24 न्यूज की संपादक रवीना यादव द्वारा सी-118, विपुल प्लाजा, सेक्टर-78 फरीदाबाद, हरियाणा से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं न्यूज पोर्टल के लिए ई-पेपर को प्रसारित किया है। ई-पेपर में शामिल लेखों, विचारों एंव समाचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है अपितु लेखक ही जिम्मेदार होगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का निपटारा केवल फरीदाबाद न्यायालय में ही मान्य होगा। संपर्क: 9818180269, ईमेल : city24newsroom@gmail.com

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है : कृष्णपाल गुर्जर

## केंद्रीय राज्यमंत्री ने गांधी कॉलोनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में की शिरकत

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को फरीदाबाद की गांधी कॉलोनी तथा सेक्टर-21 स्थित कम्युनिटी सेंटर पहुंची, जहां शहरवासियों द्वारा इस यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने गांधी कॉलोनी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर बडख़ल से विधायक सीमा त्रिखा भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने उपस्थित शहरवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को 2047 तक 'आत्मनिर्भर और विकसित' राष्ट्र बनाने के विजन को साकार करने की दिशा में विकसित भारत संकल्प यात्रा आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि 'आत्मनिर्भर और विकसित' भारत अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का वह दूरदर्शी विजन है जिसके साकार होने से भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान कायम करेगा। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार गरीबों को मुफ्त राशन, फ्री ईलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान उपलब्ध करवाने के साथ-साथ अनेकों ऐसी योजनाएं



गरीब कल्याण के लिए चलाई गई हैं, जिनका सीधा लाभ आज पात्र गरीब परिवारों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीब लोगों के जनधन योजना के तहत फ्री में खाते खुलवाए ताकि भ्रष्टाचार और बिचौलियों का अंत हो सके। उन्होंने कहा कि आज विभिन्न योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ लाभार्थियों के खातों में पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के समावेशी विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के उत्थान और अंत्योदय को हासिल करने के लिए कई योजनाएं आरंभ की हैं और ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। आईटी का बड़े पैमाने पर प्रयोग करके व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है, जिससे भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार एवं क्षेत्रवाद पर अंकुश लगा है। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से सरकारी सेवाओं और योजनाओं को ऑनलाइन कर देने से इनका लाभ लोगों को घर-द्वार पर ही मिल रहा है। अब कोई गरीब का हक नहीं छीन सकता। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर सहित सभी ने एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ ली कि 'भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे।

भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे। नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे'। इस कार्यक्रम में केंद्र व हरियाणा सरकार की उपलब्धियों पर आधारित शॉर्ट फिल्म का भी प्रसारण किया गया। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि केंद्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा एक महत्वककांक्षी पहल के रूप में उभरी है। इस यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री के समावेशी विकास के दृष्टिकोण और सरकारी योजनाओं का लाभ देश के हर कोने तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में न केवल जागरूक किया जा रहा है बल्कि उन्हें योजनाओं का लाभ भी पहुंचाया जा रहा है। कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा में इस यात्रा की देखरेख वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जा रही है।

# दयाराम पांचाल चुने गए सब यूनिट नंबर पांच के प्रधान

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** बिजली मंत्री द्वारा कर्मचारियों के साथ मांगों पर सहमति नहीं बनने की वायदाखिलाफी, 11 केवी फीडरों की फ्रेंचाइजी केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ पूरे प्रदेश का बिजली कर्मचारी 23 जनवरी को पूरे प्रदेश में अधीक्षण अभियंताओं के कार्यालय के बाहर धरना देकर विरोध जताएंगे और 4 फरवरी को प्रदेश स्तरीय रैली रोहतक में आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेश के सभी कच्चे-पक्के कर्मचारी भाग लेंगे।

इन सभी आंदोलनों की तैयारियों को लेकर एवं एचपी वर्कर यूनियन हैड ऑफिस हिसार की सब यूनिट नंबर-5 एनआईटी फरीदाबाद का त्रिवार्षिक सांगठनिक चुनाव कार्यालय सब डिवीजन नंबर-5 के प्रांगण में सम्पन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता भूप सिंह कौशिक व



संचालन गिरीश राजपूत ने किया। इसमें सुरेंद्र शर्मा, दिगम्बर सिंह, प्रकाश सिंह, अजय कुमार, उमेश कुमार, राहुल इत्यादि कर्मचारियों ने भाग लिया। सब यूनिट नंबर-5 की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में प्रधान दयाराम पांचाल, उपप्रधान पुनीत नागपाल, सचिव प्रमोद सोलंकी, सह सचिव चरण सिंह, कैशियर शालनी सिंह, संगठनकर्ता राजकुमार, संगठनकर्ता अनिल यादव व धर्मबीर सिंह चुने गए।

# भाजपा की देश व प्रदेश में सरकार वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की दशकों की मेहनत का ही है परिणाम : वोहरा

## भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने किया वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने पदभार ग्रहण करने के बाद पार्टी के संगठनात्मक कार्यों के साथ संगठन के उन सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मिल उनका सम्मान करना शुरू किया, जो दशकों से पार्टी संगठन के साथ जुड़े रहे हैं । इस अभियान की शुरुआत उन्होंने ग्याशीराम शर्मा को राम दरबार भेंट कर उनका सम्मान कर की, जो जनसंघ के समय से एक कार्यकर्ता के तौर पर जुड़े रहे हैं। उसके बाद जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दीप भाटिया और आनंद शर्मा से उनके निवास स्थान पहुंचकर मुलाक़ात की और पुष्पगुच्छ देकर उनका सम्मान किया एवं आशीर्वाद लिया । पूर्व विधायक व पूर्व जिला अध्यक्ष आनंद शर्मा नवनियुक्त ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा के घर आने से बहुत अभीभूत हुए । सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक कार्यों में हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया और जिला अध्यक्ष वोहरा को जिला अध्यक्ष के



नव दायित्व की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सब केवल भाजपा में ही संभव है कि एक सामान्य कार्यकर्ता भी अध्यक्ष बन सकता है। राजकुमार वोहरा ने बताया कि आज भी जनसंघ के समय के जो वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद हैं, उनके संस्मरण सुनने के बाद उनके प्रति श्रद्धा का भाव प्रकट होता है। इसके अलावा भाजपा के ऐसे वरिष्ठ कार्यकर्त्ता जो दशकों से पार्टी से जुड़े रहे हैं उनसे मिलकर एक नई ऊर्जा का संचार होता है और नये कार्यकर्ताओं को निष्ठा से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है । ऐसे सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मिल और उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सर गर्व से ऊंचा हो जाता है जिनके पुरुषार्थ के कारण भाजपा आज पूरी दुनिया में सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी के तौर पर उभरी है। आज भाजपा की सुदृढ़ एवं संपन्न स्थिति है, ये भाजपा के उन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत एवं लगन का ही परिणाम हैं जिन्होंने दशकों से पार्टी की सेवा की है । सन 1984 में 2 सीट जीतने वाली पार्टी आज पूर्ण बहुमत के साथ देश में 10 साल से राज कर रही है । इसके अलावा हरियाणा समेत देश के आधे से ज्यादा राज्यों में भाजपा की सरकार हैं । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की प्रगृति के लिए हर तरह से कार्य कर रहे हैं। मोदी आज श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी और अटल बिहारी बाजपेयी जी के पदचिह्नों पर चलते हुए भारत का नेतृत्व कर रहे हैं। इस कारण आज भारत विश्व में विशाल शक्ति के तौर पर उभरा है।

# डीसी विक्रम सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव की तैयारियों का किया निरीक्षण



**फरीदाबाद में 17 से 20 जनवरी तक आयोजित होगा भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव- 2024**

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ) 2023 कल से शुरू होने वाला है और तैयारियां पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि मेगा साइंस फेसटिवल 17 जनवरी, 2024 को शुरू होगा और 20 जनवरी, 2024 को समाप्त होगा। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), सरकार। भारत आईआईएसएफ के 9वें संस्करण का आयोजन कर रहा है और इसका स्वायत्त संगठन नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन-इंडिया आईआईएसएफ 2023 का समन्वय और कार्यान्वयन निकाय है। जैव प्रौद्योगिकी विभाग, क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केंद्र - ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट की स्थापना करता है। फ़रीदाबाद (हरियाणा) स्थित (टीएचएसटीआई) इस भव्य आयोजन का मेजबान संस्थान है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह 16 दिसंबर 2023 को कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब, नई दिल्ली में आयोजित कर्टेन रेजऱ कार्यक्रम के दौरान भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ) 2023 के नौवें संस्करण का ब्रोशर जारी करते हुए। प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद, सचिव डीएसटी डॉ. अभय करंदीकर, सचिव डीबीटी डॉ. राजेश एस. गोखले और सचिव एमओईएस डॉ. एम. रविचंद्रन माननीय मंत्री के साथ हैं। इस विज्ञान उत्सव का उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अग्रणी क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियों का जश्न मनाना है। महोत्सव का उद्देश्य विज्ञान के प्रति उत्साही लोगों की उपलब्धियों को स्वीकार करना, युवा छात्रों में वैज्ञानिक सोच पैदा करना और इसे भारतीय नागरिकों के बीच फैलाना भी है। आईआईएसएफ 2023 का केंद्रीय विषय अमृतकाल में विज्ञान और प्रौद्योगिकी सार्वजनिक आउटरीच है। इस बार आईआईएसएफ 2023 में 22 देश भी हिस्सा ले रहे हैं. इनमें अर्जेंटीना गणराज्य, आर्मेनिया गणराज्य, ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रमंडल, कंबोडिया साम्राज्य, फ्रांसीसी गणराज्य, जर्मनी का संघीय गणराज्य, इंडोनेशिया गणराज्य, जापान, केन्या गणराज्य, लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपबलिक, मलेशिया, गणराज्य शामिल हैं। म्यांमार संघ, नामीबिया गणराज्य, फिलीपींस गणराज्य, रवांडा गणराज्य, सिंगापुर गणराज्य, दक्षिण अफ्रीका गणराज्य, थाईलैंड साम्राज्य, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए), वियतनाम का समाजवादी गणराज्य और गणराज्य जिम्बाब्वे का. आईआईएसएफ 2023 के सभी चार दिनों के लिए निम्नलिखित कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। 17 जनवरी 2024 को बारह कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। इनमें स्टूडेंट साइंस विलेज, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के नए मोर्चे का आमना-सामना, खेलों और खिलौनों के माध्यम से विज्ञान, छात्र नवाचार महोत्सव - अंतरिक्ष हैकथॉन, राज्य एसएंडटी मंत्री और केंद्र और राज्यों के एसएंडटी सचिव और अधिकारी कॉन्क्लेव, आकांक्षी भारत के लिए शिक्षा - शामिल हैं। राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षक कार्यशाला, युवा वैज्ञानिक सम्मेलन, न्यू एज टेक्नोलॉजी शो, राष्ट्रीय सामाजिक संगठन और संस्थान बैठक (एनएसओआईएम); विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार प्रदर्शनी; स्टार्ट-अप, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन बी टू बी मीट।

# गांव फतेहपुर, आईटीआई में थाना सदर बल्लभगढ़ की पुलिस टीम ने छात्रों को किया जागरूक



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** थाना सदर बल्लभगढ़ निरीक्षक बसंत कुमार व उनकी टीम ने गांव फतेहपुर में स्थित आईटीआई संस्थान में छात्रों के साथ-साथ गांव नवादा में भी आम नागरिकों, महिलाओं बुजुर्गों और युवाओं को साइबर क्राइम, डायल 112 एप, यातायात के नियमों, नशे के दुष्परिणाम और महिला विरुद्ध अपराधों के बारे में जागरूक किया। निरीक्षक बसंत कुमार ने साइबर क्राइम के संबंध में बताया कि साइबर फ्रॉड मामले में देखा गया है कि आरोपी पीड़ितों को कुछ मिनट में ही लोन देने के लिए, घर बैठे लोन उपलब्ध करवाने का लालच देती हैं और फर्जी ऐप डाउनलोड करवा देते हैं। क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर, घर बैठे कमाने का लालच देकर, फ्री गिफ्ट, लॉटरी लगवाने के नाम पर, वाउचर जीतने के नाम पर, ्यड्घष्ट के नाम पर, बैंक कर्मी बनकर, विदेश भेजने के नाम पर, जॉब दिलाने के नाम पर, अलील वीडियो कॉल रिकॉर्ड से ब्लैकमेल कर, एईपीएस इत्यादी के नाम पर लोगों के साथ साइबर फ्रॉड किया जाता है। अगर आपके साथ कोई फ्रॉड होता है तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराए। उन्हें अपने साथ हुई साइबर ठगी के बारे में जानकारी दें। साइबर टीम द्वारा साइबर अपराधियों के बैंक खातों को फ्रीज करवाकर आपकी रकम आप तक वापस पहुंचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी इस सामाजिक जीवन में अपने आसपास महिला विरुद्ध अपराध को देखते हैं, जिसमें महिला/लडकी से छेडछाड, लडकी/बच्चों का शोषण इत्यादि। बच्चे छोटे होते हैं, जिनको ज्ञान नहीं होता कि छेड़-छाड़, लडकी/बच्चों का शोषण कानूनी अपराध है। पुलिस टीम ने बताया कि नशा समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फंसकर किस प्रकार अपने भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। किशोरावस्था में नौजवान युवक शौकिया तौर पर नशा करना शुरू करते हैं परंतु धीरे-धीरे उन्हें इसकी लत पड़ जाती है। जिसके पश्चात इसे छोड़ पाना उनके लिए बहुत मुश्किल कार्य हो जाता है। नशा इंसान के स्वास्थ्य के ऊपर बहुत बुरा प्रभाव डालता है। जिसकी वजह से उन्हें कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां जकड़ लेती हैं और इंसान को अंदर से खोखला कर देती हैं।

# पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष अधिक भव्य होगा इस बार का सूरजकुंड क्राफ्ट मेला : एमडी सिन्हा

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव एमडी सिन्हा ने कहा कि इस बार का 37वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष और भी ज्यादा भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। ऐसे में मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन व सरकार द्वारा सभी तैयारियां और अधिक बेहतरीन ढंग से की जा रही हैं।

श्री सिन्हा मंगलवार को सूरजकुंड परिसर स्थित होटल राजहंस में 2 फरवरी से शुरू होने वाले 37वें अंतरराष्ट्रीय क्राप्ट मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। श्री सिन्हा ने कहा कि 2 फरवरी को मेले का आधिकारिक उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा किया जाएगा वहीं 3 तारीख को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड मेले में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार मेले में 40 देश शामिल होंगे तथा कई देशों के राजदूत भी विभिन्न अवसरों पर मेले में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार के मेले में अधिक विदेशी कलाकार एवं मेहमान आएंगे। ऐसे में हमें उनके रूकने सहित सभी व्यवस्थाएं उसी ढंग से करनी होंगी। उन्होंने बताया कि मेले में एक हजार से ज्यादा स्टाल तैयार किए गए हैं ऐसे में इतने ही क्राफ्ट्समैन इस मेले में शिरकत करेंगे। इस बार मेला में बड़ी संख्या



में लोगों के आने की संभावना है। उन्होंने निर्देश दिए कि मेले में सफाई, सडक़ों की व्यवस्था, लाईटिंग, बिजली की व्यवस्था, शौचालयों सहित सभी सुविधाएं बेहतरीन हों। इसके लिए सभी विभागों को भी निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी तैयारियां समय से पूरी कर लें। पुलिस विभाग मेले की सुरक्षा को लेकर अलग से सुरक्षा प्लान तैयार करेगा। इस दौरान मेले में सुरक्षा के लिए 100 अतिरिक्त कैमरे लगाए जाएंगे जिससे इनकी संख्या बढक़र 350 हो जाएगी। मेले में पार्किंग सहित अन्य सभी विषयों पर भी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को लेकर मेले में पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। इसके लिए पूरा मेला परिसर हाईस्पीड सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में रहेगा। उन्होंने कहा कि सूरजकुंड मेले की सुरक्षा को लेकर इंतजामों में किसी भी तरह की कोई कमी न रखें। विभिन्न व्यवस्थाओं के मद्देनजर पूरे मेला परिसर को अलग-अलग भागों में बांटा गया है और प्रत्येक सेक्टर में एक ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति सुनिश्चित करें। प्रिसीपल सेक्रेटरी एमडी सिन्हा ने बैठक में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यह मेला अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की पहचान है और विश्व का सबसे बड़ा हैंडीक्राफ्ट का मेला भी है। ऐसे में सभी विभागों को तालमेल के साथ कार्य करें। ताकि जिला फरीदाबाद और हरियाणा के नाम को विश्व पटल पर बेहतर अन्तर्राष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले के क्रियान्वयन के लिए अमिट छाप मिले। सूरजकुंड अन्तर्राष्ट्रीय शिल्प मेला परिसर में एक अस्थाई पुलिस लाईन भी बनाई जाएगी। जहां प्रतिदिन 3000 से अधिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी रहेगी। मेला स्थल पर अस्थाई डाकघर भी स्थापित किया जाए। मीटिंग में पुलिस आयुक्त राकेश आर्य, जिला उपायुक्त विक्रम सिंह, पर्यटन विभाग के एमडी नीरज कुमार, जीएम टूरिज्म यूएस भारद्वाज सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।